श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्
(मानित-विश्वविद्यालयः)

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI RASHTRIYA SANSKRIT VIDYAPEETHA
(Deemed University)

वार्षिक-प्रतिवेदनम्
२०१४-२०१५

ANNUAL REPORT
2014-2015

Dr. Justice Mukundakam Sharma
(Former Judge, Supreme Court of India)
Chairman
Vansadhara Water Disputes Tribunal
Chancellor,
Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit
Vidyapeetha
(Deemed University)

सत्यमेव जयते

Off. 5th Floor, Mohan Singh
Place, Baba Kharak Singh Marg
New Delhi-110001
Ph :23368322 Fax : 23368327
Email : mukundakam@gmail.com

MESSAGE

I am glad to learn that Shir Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha, New Delhi has finalised its Annual Report on the working of the Vidyapeetha for the year 2014-15. This Annual Report has its significance as if covers the period during which the Vidyapeetha was preparing for the Assessment and Accreditation of the Vidyapeetha by the NAAC. I have also been informed that the Annual Report to be published for the year 2014-15 would contain various achievements of the Vidyapeetha particularly introducing choice-based credit system, skill development programmes, mandatory teaching of environmental science, computer science, English and Hindi and also adoption of NCTE Regulations, 2014 for innovative academic achievements in the Shastraic tradition of teaching and learning.

I am fully aware that the Vidyapeetha has always been maintaining and odserving its academic calendar in letter & spirit and continuously working to propagate and safeguard the interest of the Indian traditional knowledge contained in our Shastras. The Vidyapeetha is working sincerely and with dedication in the realisation of the vision of our beloved former Prime Minister, Shri Lal Bahadur Shastri and therefore, a heavy responsibility falls upon the Vidyapeetha to design and develop itself in a manner to protect the interests of all the stakeholders and to give them an assurance that come what may, their feelings and interests would always get priority and would always be honoured and protected. It is needless to mention here that the Vidyapeetha continues in its endeavour to contribute to the field of academic growth, research and development, organisation of seminars and conferences and lecture series etc. in order to always achieve a higher scale and height in making impact in the traditional learning process.

I am confident that with its constant efforts to maintain and upgrade the academic standards, the Vidyapeetha would be able to reach the expectations of its founders in making it an institution of excellence. I extend my compliments to the editorial team for compiling its report for appraisal of various activities of the institution to all concerned.

(Mukundakam Sharma)
Chancellor

विषयानुक्रमणिका

1.	परिचय	1-2
2.	उद्देश्य	3-4
3.	कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ	4
4.	संरचना एवं प्रशासन	5
5.	कुलपति	6
6.	कुलसचिव	6
7.	वित्ताधिकारी	6
8.	सङ्काय एवं विभाग	6-38
	वेद-वेदाङ्ग-सङ्काय	
	साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय	
	दर्शन सङ्काय	
	आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय	
9.	छात्र कल्याण संकाय	38
10.	शोध एवं प्रकाशन-विभाग	39-50
11.	विभिन्न संगोष्ठियाँ एवं स्मारक व्याख्यानमाला	50-51
12.	अध्ययन पाठ्यक्रम	51-53
13.	छात्रवृत्ति	53
14.	परीक्षा-विभाग	53-54
15.	कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अध्येतावृत्ति	54
16.	अन्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ	54-71
17.	शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पद	71-72
18.	आवश्यक आरक्षण एवं अन्य प्रावधान	73-74
19.	आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ	74-75
20.	महिला अध्ययन केन्द्र	76
21.	संगणक केन्द्र	77-78
22.	जन-सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	79-82
23.	आधार-संरचना एवं भवन	82-86
24.	सेवानिवृत्तियाँ	86
25.	परिषदें, समितियाँ एवं विद्यापीठीय कर्मचारी	87-108

परिचय

अखिल भारतीय संस्कृत साहित्य सम्मेलन के कलकत्ता अधिवेशन में लिये गये निर्णय के अनुपालन में 8 अक्तूबर, 1962 को विजयदशमी के दिन दिल्ली में संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की गई। डॉ. मण्डन मिश्र को विद्यापीठ का विशेष कार्याधिकारी एवं निदेशक नियुक्त किया गया। सम्मेलन में लिये गए निर्णय के अनुसार **अखिल भारतीय संस्कृत विद्यापीठ** नाम से एक पृथक् संस्था स्थापित की गई। इसके संस्थापक अध्यक्ष तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी थे। विद्यापीठ के सर्वाङ्गीण विकास में तत्कालीन प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने संस्कृत विद्यापीठ को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था के रूप में विकसित होने की कामना की थी।

माननीय शास्त्री जी के आकस्मिक निधन के पश्चात् तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने विद्यापीठ की अध्यक्षता स्वीकार की । उन्होंने घोषणा की कि 2 अक्तूबर, 1966 से विद्यापीठ को **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ** के नाम से जाना जाएगा। भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 1967 को विद्यापीठ का अधिग्रहण किया गया। 21 दिसम्बर, 1970 को **श्री लाल बहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ**, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली (एक पंजीकृत स्वायत्त संस्था, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) का अंग बन गया।

विद्यापीठ में संस्कृत वाङ्मय के पठन-पाठन, प्राचीन संस्कृत पाण्डुलिपि के संकलन एवं प्रकाशन, संस्कृत साहित्य की परम्परागत शिक्षण विधा को बनाये रखने और अनुसन्धान आदि कार्यों तथा इसके सर्वतोन्मुखी विकास से प्रभावित होकर मार्च, 1983 में भारत सरकार ने इसको मानित-विश्वविद्यालय का स्तर देने का प्रस्ताव रखा। अन्ततः आवश्यक परीक्षण एवं मूल्याङ्कन के पश्चात् भारत सरकार ने **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** की संस्तुति को दृष्टि में रखते हुये नवम्बर, 1987 में विद्यापीठ को मानित-विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की संस्तुति पर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से पृथक् एक संस्था **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ** के नाम से तत्कालीन मानव संसाधन विकास मन्त्री श्री पी.वी. नरसिंह राव की अध्यक्षता में 20 जनवरी, 1987 को पञ्जीकृत की गयी । डॉ. मण्डन मिश्र 1989 में विद्यापीठ के प्रथम कुलपति नियुक्त हुए। विद्यापीठ ने 1 नवम्बर, 1991 से मानित-विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करना प्रारम्भ किया।

विद्यापीठ में चार संकाय हैं- वेद-वेदाङ्ग सङ्काय, दर्शन सङ्काय, साहित्य-संस्कृति सङ्काय एवं आधुनिक ज्ञान-विज्ञान सङ्काय। प्रारम्भ के तीन सङ्कायों में विभिन्न शास्त्रीय विषयों में शास्त्री, शास्त्री (सम्मानित) नामक उपाधि हेतु त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम एवं स्नातकोत्तर उपाधि हेतु आचार्य नामक द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था की गई है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान सङ्काय में शिक्षा-शास्त्री नामक एकवर्षीय अध्यापक-प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम तथा शिक्षाशास्त्र में उच्च-स्तरीय अध्ययन हेतु शिक्षाचार्य नामक एकवर्षीय पाठ्यक्रम का प्रवर्तन किया गया है। उपर्युक्त चारों सङ्कायों में संस्कृत की विभिन्न शास्त्रीय शाखाओं एवं शिक्षाशास्त्र में शोधकार्य करने हेतु विशिष्टाचार्य, विद्यावारिधि एवं विद्यावाचस्पति पाठ्यक्रम की व्यवस्था है।

विद्यापीठ में संस्कृत शोध, पाण्डुलिपियों के प्रकाशन एवं संरक्षण के लिये एक स्वतन्त्र विभाग है। इस विभाग द्वारा न केवल प्राचीन पाण्डुलिपियों का अन्वेषण किया जाता है, अपितु संस्कृत-साहित्य के विद्वानों की उत्कृष्ट रचनाओं का प्रकाशन भी किया जाता है। साथ ही त्रैमासिक शोध-पत्रिका 'शोध-प्रभा' का प्रकाशन भी किया जाता है। विभागीय स्तर पर ज्योतिष विभाग द्वारा 'विद्यापीठ-पंचांग' और 'भैषज्य-ज्योतिषम्' नामक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। वास्तुशास्त्र विभाग द्वारा प्रतिवर्ष वास्तु शास्त्र विमर्श नामक शोध पत्रिका प्रकाशित की जाती है। विद्यापीठ में संगणक केन्द्र और महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित किया गया है। महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा शोधपत्रिका "सुमंगली" का प्रकाशन किया जाता है।

विद्यापीठ में 1994-95 के सत्र से शास्त्री पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावसायिक संस्कृत, व्यावसायिक हिन्दी एवं संगणक प्रयोग सम्बन्धी पाठ्यक्रम और विभिन्न प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम को नियमित रूप से अध्ययन-अध्यापन में सम्मिलित किया गया है।

संस्कृत विद्यापीठ द्वारा अपने निर्धारित उद्देश्यों को दृष्टि में रखते हुये विशेष दीक्षान्त समारोह 3 दिसम्बर, 1993 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया । इस समारोह में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शङ्कर दयाल शर्मा को विद्यापीठ की मानद उपाधि 'वाचस्पति' प्रदान की गयी । विद्यापीठ का प्रथम दीक्षान्त समारोह 15 फरवरी, 1994 को विद्यापीठ परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसमें राष्ट्रपति डॉ. शङ्कर दयाल शर्मा ने प्रथम दीक्षान्त भाषण दिया। विद्यापीठ का द्वितीय दीक्षान्त समारोह 11 जनवरी, 1996, तृतीय दीक्षान्त समारोह 11 जनवरी, 1999, चतुर्थ दीक्षान्त समारोह 11 फरवरी, 2000, पञ्चम दीक्षान्त समारोह 28 फरवरी, 2001, षष्ठ दीक्षान्त समारोह 17 फरवरी, 2002, सप्तम दीक्षान्त समारोह 11 नवम्बर, 2003, अष्टम दीक्षान्त समारोह 12 नवम्बर, 2005, नवम दीक्षान्त समारोह 10 नवम्बर, 2006, दशम दीक्षान्त समारोह 28 नवम्बर, 2007, एकादश दीक्षान्त समारोह 06 दिसम्बर, 2008, द्वादश दीक्षान्त समारोह 7 नवम्बर, 2009, त्रयोदश दीक्षान्त समारोह दिनांक 26 नवम्बर, 2010 तथा चतुर्दश दीक्षान्त समारोह 7 जनवरी, 2013 को सम्पन्न हुआ ।

२००७ में राष्ट्रिय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् ने विद्यापीठ के बहुआयामी उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए विद्यापीठ को 'बी++' की श्रेणी प्रदान की थी । नैक द्वारा द्वितीय चक्र के प्रत्यायन एवं मूल्यांकन के लिए विद्यापीठ ने स्व-अध्ययन प्रतिवेदन नैक मूल्यांकन मुख्यालय को प्रेषित कर दिया है । साथ ही आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की विभिन्न बैठकों के विगत पाँच वर्षो की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन भी नैक को भेजा जा चुका है। नैक मुख्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार पुन: प्रत्यायन के लिए नैक की पीयर टीम मई 2015 में विद्यापीठ में आ सकती है ।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ शास्त्रीय पारम्परिक विषयों के अध्ययनाध्यापन एवं गहन अनुसन्धान के द्वारा भारतीय वैज्ञानिक परम्परा का संरक्षण करते हुये आज के इस संगणक युग में आधुनिक वैज्ञानिक शैक्षणिक परम्पराओं से समन्वय स्थापित करने का सार्थक प्रयास कर रहा है एवं संस्कृत स्नातकों को रोजगारपरक शिक्षण प्रदान करते हुये संस्कृत के कुशल शिक्षकों के निर्माण में शिक्षाशास्त्र विभाग के माध्यम से सतत प्रयत्नशील है । फलस्वरूप विद्यापीठ के छात्र एवं अनुसन्धाता देश एवं विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल के साथ कार्यरत हैं ।

२. उद्देश्य

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली की स्थापना के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

(क) शास्त्रीय परम्परा को संरक्षित करना ।

(ख) शास्त्रों की व्याख्या करना ।

(ग) आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समस्याओं के समाधान के लिए संस्कृत भाषा में विरचित प्राचीन शास्त्रों का औचित्य स्थापित करना ।

(घ) अध्यापकों के लिए आधुनिक एवं शास्त्रीय ज्ञान में गहन प्रशिक्षण हेतु साधन उपलब्ध कराना ।

(ङ) उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में प्रवीणता प्राप्त करना, जिससे विद्यापीठ का अपना एक विशिष्ट चरित्र हो।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रयास करते हुए विद्यापीठ अधोनिर्दिष्ट क्षेत्रों में निरन्तर कार्य कर रहा है:-

1. पारम्परिक संस्कृत वाङ्मय के साथ-साथ उसके अतिविशिष्ट शाखाओं के ज्ञान हेतु शिक्षण सुनिश्चित करना ।
2. संस्कृत के अध्यापकों के प्रशिक्षणार्थ साधनों का सुलभीकरण और संस्कृत शिक्षा से सम्बद्ध प्रासङ्गिक पक्षों पर शोध ।
3. संस्कृत अध्यापन से सम्बन्धित एशिया की विभिन्न भाषाओं एवं साहित्य के गहन अध्ययन एवं गवेषणार्थ सुविधाओं का सुलभीकरण, जिनमें पाली, इरानी, तिब्बती, मंगोली, चीनी, जापानी आदि भाषाएं एवं साहित्य प्रमुख हैं ।
4. अध्ययन-अध्यापन हेतु विभिन्न विषयों के लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण, भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर विशेष ध्यान रखना तथा संस्कृत और संबद्ध विषयों में परीक्षाओं का सञ्चालन ।
5. संस्कृत के मौलिक ग्रन्थों, टीकाओं का अनुवाद। उनसे सम्बद्ध साहित्य का प्रकाशन, प्रकाशित एवं अप्रकाशित सामग्री का संवर्धन ।
6. शोध-पत्रिका एवं शोधोपयोगी अनुसन्धान-प्रपत्रों, विषय सूची और ग्रन्थ-सूची आदि का प्रकाशन ।
7. पाण्डुलिपियों का सङ्कलन, संरक्षण एवं प्रकाशन, राष्ट्रिय संस्कृत पुस्तकालय और संग्रहालय का निर्माण। संस्कृत पाण्डुलिपियों में प्रयुक्त लिपियों के प्रशिक्षण का प्रबन्धन ।
8. संस्कृत में आधुनिक तकनीकी साहित्य के साथ मौलिक संस्कृत ग्रन्थों के सार्थक निर्वचनों की दृष्टि से आधुनिक विषयों में शिक्षणार्थ साधनों की प्रस्तुति ।
9. पारस्परिक ज्ञानवर्धन के लिये आधुनिक एवं परम्परागत विद्वानों के मध्य अन्तःक्रिया का संवर्धन ।
10. शास्त्र-परिषदों, सङ्गोष्ठियों, सम्मेलनों और कार्यशालाओं का आयोजन ।
11. अन्य शिक्षण संस्थानों की उपाधियों, प्रमाण-पत्रीय पाठ्यक्रमों को विद्यापीठ की उपाधियों के समकक्ष मान्यता ।
12. विभागों एवं सङ्कायों की स्थापना और विद्यापीठ के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक मण्डलों एवं समितियों का गठन ।

13. स्वीकृत नियमों के अन्तर्गत छात्रवृत्तियों, अध्येतावृत्तियों, पुरस्कारों व पदकों का संस्थापन एवं वितरण।

14. विद्यापीठ के उद्देश्यों से पूरी तरह या अंशतः समान उद्देश्य वाले सङ्गठनों, समितियों या संस्थानों का सहयोग एवं उनकी सदस्यता तथा उनमें सहभागिता ।

15. विद्यापीठ के किसी एक या समस्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रासङ्गिक, आवश्यक या सहायक कार्य-कलापों का सम्पादन ।

३. कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

विद्यापीठ के संस्थापित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अधोदर्शित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का सञ्चालन किया जा रहा है-

1. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध स्तर पर परम्परागत शैक्षणिक प्रविधियों के साथ-साथ आधुनिक पद्धतियों से संस्कृत वाङ्मय का अध्यापन ।
2. स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर छात्राध्यापकों का प्रशिक्षण ।
3. विभिन्न विभागों में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा एवं अंशकालिक पाठ्यक्रमों का सञ्चालन ।
4. स्नातक, स्नातकोत्तर आदि उच्च शैक्षणिक स्तर की परीक्षाओं का सञ्चालन ।
5. समान-हित वाली संस्कृत योजनाओं में अन्य सङ्गठनों के साथ सहयोग ।
6. संस्कृत वाङ्मय पुस्तकालय का सम्वर्द्धन ।
7. पाण्डुलिपि संग्रह, दुर्लभ पाण्डुलिपियों एवं महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का सम्पादन एवं प्रकाशन ।
8. शोधपत्रिका 'शोधप्रभा' एवं 'वास्तुशास्त्रविमर्श', 'भैषज्य ज्योतिषम्', 'सुमंगली' तथा 'पञ्चाङ्ग' का नियमित वार्षिक प्रकाशन ।
9. विविध व्याख्यानमालाओं एवं कार्यशालाओं का आयोजन ।
10. गोष्ठियों एवं सम्मेलनों का विभागीय स्तरों पर नियमित आयोजन ।
11. ज्योतिष, वास्तु, पौरोहित्य, योग और सङ्गणक में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का सञ्चालन ।
12. छात्रों के लिये विभिन्न शैक्षणिक क्रिया-कलापों का नियमित प्रवर्तन ।
13. शारीरिक शिक्षण, क्रीड़ा, खेल-कूद के साथ-साथ एन.सी.सी. और एन.एस.एस. आदि का सञ्चालन ।
14. संस्कृत सप्ताह, हिन्दी पखवाड़ा, संस्कृत दिवस, हिन्दी दिवस, सतर्कता दिवस, स्वच्छता दिवस जैसे विभिन्न साहित्यिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन ।

४. संरचना एवं प्रशासन

विद्यापीठ का मुख्य कार्यकारी अङ्ग प्रबन्ध मण्डल है । यह विद्यापीठ के समस्त शैक्षणिक, प्राशासनिक एवं वित्तीय क्रिया-कलापों के अधीक्षण एवं नियन्त्रण के लिये उत्तरदायी है ।

1. प्रबन्ध मण्डल
2. विद्वत्परिषद्

3. वित्त-समिति
4. योजना एवं पर्यवेक्षण मण्डल
5. संकाय
6. अध्ययन-मण्डल
7. नीति एवं योजना समिति

- **विद्यापीठ के विभिन्न शैक्षणिक, प्राशासनिक, अनुशासनिक एवं विकास कार्यों को सम्पन्न करने के लिए निम्नलिखित स्थायी समितियाँ गठित की गई हैं :-**

1. प्रवेश समिति
2. छात्रावास-समिति
3. विद्यापीठ परिसर विकास-समिति
4. छात्रवृत्ति समिति
5. शोध एवं प्रकाशन-परामर्शदात्री-समिति
6. शोधप्रभा सम्पादक-मण्डल
7. पुस्तकालय-समिति
8. कुलानुशासक मण्डल
9. परिचय-नियमावली-समिति
10. हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन-समिति
11. रोस्टर समिति
12. शिकायत समिति
13. छात्रोत्पीड़न निरोधक समिति
14. परीक्षा मंडल
15. अनुसंधान मण्डल

- **विद्यापीठ में विभिन्न क्रियाकलापों के सकुशल सम्पादन हेतु निम्नलिखित अधिकारी/पद्याधिकारी कार्यरत हैं :-**

1. कुलाधिपति
2. कुलपति
3. संकाय प्रमुख
4. छात्र कल्याण संकाय प्रमुख
5. कुलसचिव
6. वित्ताधिकारी
7. विभागाध्यक्ष
8. कुलानुशासक
9. छात्रावास-अधिष्ठाता
10. मुख्य सतर्कता अधिकारी
11. उप-कुलसचिव
12. परीक्षा-नियन्त्रक
13. सहायक-कुलसचिव

५. कुलपति

प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, शोध एवं प्रकाशन विभाग ने प्रभारी कुलपति के रूप में दिनांक 05. 02.2014 से 13.05.2014 कार्य किया है । तदनन्तर विद्यापीठ के वरिष्ठ संकाय प्रमुख प्रो. भास्कर मिश्र ने दिनांक 14.05.2014 से 17.11.2014 तक प्रभारी कुलपति के रूप में कार्य किया । प्रो. मिश्र के कार्यकाल की समाप्ति के उपरान्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार दिनांक 18.11.2014 से प्रभारी कुलपति के रूप में कार्यरत है ।

६. कुलसचिव

डॉ. बीके महापात्र वर्ष 2003 से विद्यापीठ के कुलसचिव हैं । कुलसचिव का पदभार ग्रहण करने के साथ ही डॉ. महापात्र ने विद्यापीठ परिसर को आकर्षक बनाने, नये भवनों के निर्माण, पठन-पाठन एवं छात्रावास की उन्नत व्यवस्था एवं शैक्षणिक परिवेश को समृद्ध करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है । उनके कुशल नेतृत्व एवं प्राशासनिक दक्षता से अध्यापकों एवं कर्मचारियों के बहुमुखी विकास एवं उन्नति में सहायता प्राप्त हुई ।

७. वित्ताधिकारी

दिनांक 04.10.2013 से श्रीमती कल्पना सिंह प्रतिनियुक्ति के आधार पर विद्यापीठ के वित्ताधिकारी पद पर कार्य कर रही हैं । विद्यापीठ के योजना एवं गैर-योजना सम्बन्धी समस्त आवश्यक व्यय व अनुदान के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय से निरंतर सम्पर्क बनाए रखकर उन्होंने वित्तीय प्रबंधन में योगदान दिया है । साथ ही साथ विद्यापीठ के पुन: प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की संयोजिका भी है । विद्यापीठ के विगत पाँच वर्षों के शैक्षणिक एवं अन्य सम्बन्धित कार्यक्रमों के आधार पर स्व-अध्ययन प्रतिवेदन तैयार करने के लिए उन्होंने अत्यन्त कुशलतापूर्वक निर्देशन प्रदान किया है।

८. सङ्काय एवं विभाग

विद्यापीठ में वेद-वेदांग संकाय, साहित्य एवं संस्कृति संकाय, दर्शन संकाय और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय व तदन्तर्गत 18 विभाग हैं । प्रत्येक संकाय-प्रमुख, सङ्काय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न विभागों के प्राशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों एवं गतिविधियों का सञ्चालन करते हैं । सङ्काय प्रमुख के सहयोग के लिये प्रत्येक विभाग का स्वतन्त्र अध्यक्ष है जो विभागीय गतिविधियों के लिये उत्तरदायी है । विद्यापीठ के विभिन्न सङ्कायों एवं विभागों का संक्षिप्त विवरण, उनकी उपलब्धियों और विभिन्न विभागों में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों की संख्या आदि का विवरण निम्नलिखित है :-

I
वेद-वेदाङ्ग-सङ्काय

वेद–वेदाङ्ग सङ्काय प्रधानतः वेद एवं वेदाङ्ग से सम्बद्ध विषयों के अध्ययन–अध्यापन एवं शोध की व्यवस्था करता है । यह सर्वविदित है कि वेद चार भागों में विभक्त हैं –ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद ! वेद के छः अंग हैं – शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरूक्त, छन्द एवं ज्योतिष । वेदाङ्गों के भी अनेक उपाङ्ग हैं । वर्तमान में वेद–वेदाङ्ग संकाय के अन्तर्गत वेद, धर्मशास्त्र, पौरोहित्य, व्याकरण, ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र छः विभाग हैं, जिनमें पारम्परिक शास्त्री, आचार्य, विशिष्टाचार्य एवं विद्यावारिधि की कक्षाओं में अध्ययन–अध्यापन एवं शोधकार्य का संचालन किया जाता है । इन शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त वेद–वेदाङ्ग से सम्बद्ध ज्ञान को सर्वसामान्य तक पहुँचाने के लिए वेद–वेदाङ्ग संकाय के पौरोहित्य, ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र के विभागों में विभिन्न अंशकालीन पाठ्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है ।

वेद-विभाग

वेद विश्व का सबसे प्राचीन एवं ज्ञान–विज्ञान की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। समस्त मानव जाति के सर्वाङ्गीण, सार्वकालिक विकास और संवृद्धि के लिए वेद मार्गदर्शक हैं। विश्व की संरचना, सम्पोषण एवं प्रगति के सभी विधानों का वर्णन वेदों में निहित है। शोषणरहित और समतामूलक समाज की स्थापना का मार्गदर्शन वेद करता है। मानव समाज में प्रकृति से तादात्म्य स्थापित कर जीवन को गतिशील बनाने की शैली वेदों की देन है। वस्तुतः वेद जीवन दर्शन हैं। सनातन धर्मावलम्बी वेदों का ही अनुगमन करते हैं । वेद अपौरुषेय और अमर हैं । वेद मानव चरित्र को समुज्ज्वल बनाकर मानव में देवत्व की स्थापना करते हैं। आधुनिक युग में वेदाध्ययन की उपयोगिता बहुत अधिक है।

वेद-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
शास्त्री द्वितीय वर्ष	05	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	05
शास्त्री तृतीय वर्ष	04	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
आचार्य प्रथम वर्ष	08	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	08
आचार्य द्वितीय वर्ष	06	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	07
विशिष्टाचार्य	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
विद्यावारिधि	01	01	--	--	--	--	--	--	01	01	--	--	04
कुल	29	01	01	--	--	--	--	--	01	01	--	--	33

वेद-विभागीय आचार्य

1.	डॉ. गोपाल प्रसाद शर्मा	सहायक प्रोफेसर
2.	डॉ. रामानुज उपाध्याय	सहायक प्रोफेसर
3.	डॉ. देवेन्द्र प्रसाद मिश्र	सहायक प्रोफेसर
4.	डॉ. सुन्दर नारायण झा	सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

धर्मशास्त्र-विभाग

ऋषियों द्वारा धार्मिक आचार, व्यवहार, प्रायश्चित्त, भक्ति, इष्टपूर्त्ति, नैतिकमूल्यबोध, सामाजिक तथा वैयक्तिक कर्त्तव्याकर्त्तव्य की व्यवस्था हेतु धर्मशास्त्र का प्रणयन किया गया है । वेदविहित कर्मों के आनुपूर्व्य से कल्पनाशास्त्र रूपक कल्प का यह अङ्गभूत है । इस शास्त्र में मनु, याज्ञवल्क्य, पराशर, पारस्कर, गौतम, नारद, बृहस्पति, बौधायन, जीमूतवाहन, विज्ञानेश्वर, माधवाचार्य, कौटिल्य–प्रभृति सूत्र, स्मृति, भाष्य, तात्कालिक निबन्धात्मक प्राचीनग्रन्थों के अध्ययन के साथ ज्वलन्त युगोपयोगी एवं आधुनिकता के साथ सामञ्जस्य रखने वाले विषयों जैसे स्त्री–अधिकार, हिन्दूविधि, संस्कार, नैतिकशिक्षा, पर्यावरण, मानवाधिकार, राजधर्म, दण्ड, अपराध प्रभृतिय पर अध्ययन–अध्यापन किया जाता है, जिससे सामाजिक विधि–व्यवस्थाओं के उन्नत दर्शनों का अध्ययन और मानवीय मूल्यों के प्रणयन के साथ–साथ आत्मिक विकास होता है ।

धर्मशास्त्र-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पुo	मo	पुo	मo	पुo	मo	पुo	मo	पुo	मo	पुo	मo	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
शास्त्री द्वितीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री तृतीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
आचार्य प्रथम वर्ष	02	02	02	01	--	--	--	--	--	--	--	--	07
आचार्य द्वितीय वर्ष	02	01	--	02	--	01	--	--	--	--	--	--	06
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	--	01
विद्यावारिधि	--	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	--	01
कुल	08	03	02	03	--	01	--	--	02	--	--	--	19

धर्मशास्त्र-विभागीय आचार्य

1.	डॉ. यशवीर सिंह	सह प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2.	डॉ. सुधांशु भूषण पण्डा	सहायक प्रोफेसर

व्याकरण विभाग

संस्कृत वाङ्मय के सम्यक् ज्ञान एवं अध्ययन के लिए व्याकरण–शास्त्र का अध्ययन किया जाता है । संस्कृत–व्याकरण की संवृद्धि एवं पुष्टता भाषा–विज्ञान की दृष्टि से अतुलनीय है । विश्व की समस्त भाषाओं में संस्कृत सबसे परिपूर्ण एवं उन्नत भाषा स्वीकार की जाती है, जिसका मूल कारण इसका व्याकरण सम्बन्धी पक्ष है । अपनी इस विशेषता के कारण ही यह वेद का सर्वप्रमुख अङ्ग माना जाता है । इसके मूलतः पाँच प्रयोजन हैं – रक्षा, ऊह, आगम, लघु और असन्देह। व्याकरण शास्त्र का बृहद् इतिहास है, किन्तु महामुनि पाणिनि और उनके द्वारा प्रणीत अष्टाध्यायी ही इसका केन्द्र– बिन्दु है। पाणिनि ने अष्टाध्यायी में ३९९५ सूत्रों की रचना कर भाषा के नियमों को व्यवस्थित किया, जिसमें वाक्यों में पदों का संकलन, पदों का प्रकृति–प्रत्यय विभाग एवं पदों की रचना आदि प्रमुख तत्त्व हैं । इन नियमों की पूर्ति के लिये धातुपाठ, गणपाठ तथा उणादिसूत्र भी पाणिनि ने बनाये। सूत्रों में उक्त, अनुक्त एवं द्विरुक्त विषयों का विचार कर कात्यायन ने वार्तिक की रचना की । बाद में महामुनि पतञ्जलि ने महाभाष्य की रचना कर संस्कृत व्याकरण को पूर्णता प्रदान की । इन्हीं तीनों आचार्यों को त्रिमुनि के नाम से जाना जाता है । प्राचीन व्याकरण में इनका अनिवार्यतः अध्ययन किया जाता है ।

नव्य–व्याकरण के अन्तर्गत प्रक्रिया क्रम के अनुसार शास्त्रों का अध्ययन किया जाता है, जिसमें भट्टोजिदीक्षित, नागेशभट्ट आदि आचार्यों के ग्रन्थों का अध्ययन मुख्य है। प्राचीन– व्याकरण एवं नव्य–व्याकरण दो स्वतन्त्र विषय हैं ।

प्राचीन-व्याकरण में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है –

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
शास्त्री द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री तृतीय वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
आचार्य प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	--	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
कुल	05	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	06

नव्य-व्याकरण में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	44	01	01	--	--	--	--	04	--	--	--	--	50
शास्त्री द्वितीय वर्ष	21	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	21
शास्त्री तृतीय वर्ष	34	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	34
आचार्य प्रथम वर्ष	13	02	--	--	--	--	--	01	--	--	--	--	16
आचार्य द्वितीय वर्ष	12	01	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	14
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
कुल	124	04	01	--	--	--	--	05	--	01	--	--	135

व्याकरण-विभागीय आचार्य

1. प्रो. कमला भारद्वाज — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा — प्रोफेसर
3. डॉ. सुजाता त्रिपाठी — सहायक प्रोफेसर
4. डॉ. राम सलाही द्विवेदी — सहायक प्रोफेसर
5. डॉ. दयाल सिंह — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

पौरोहित्य-विभाग

प्राचीन काल से ही मनुष्यों के लिए ऐहलौकिक तथा पारलौकिक मनोरथों की पूर्ति का साधन श्रौतयाग एवं स्मार्तयाग माना गया है । श्रौतयागों का आधार संहिताओं के मन्त्र हैं, किन्तु केवल मन्त्रों की जानकारी मात्र से ही कोई याग सम्पन्न नहीं हो सकता, इसके लिए अनुष्ठान की पद्धति का भी पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है । पौरोहित्य–विभाग में छात्रों को अनुष्ठान पद्धति का पूर्ण ज्ञान एवं अनुष्ठानों की प्रक्रियाओं के सूक्ष्मतम परिचय के साथ अध्ययन–अध्यापन कराया जाता है । कर्मकाण्ड के अध्ययन तथा यज्ञ–अनुष्ठान से समस्त जन का कल्याण होता है । ईश्वराराधना, साधना, सस्वरपाठ, रुद्राष्टाध्यायी, कुण्डमण्डपनिर्माण, व्रत, संस्कार, प्रतिष्ठा, शान्ति, मुहूर्त, अनुष्ठानादि की जानकारी के लिये यह विषय अत्यन्त उपयोगी है । पौरोहित्य से आस्तिक जन सम्पूर्ण मनोभिलषित प्रकार की कामनाओं की पूर्ति कर सकते हैं । यह विभाग सामाजिक गतिविधियों तथा रीति–रिवाजों को सफल एवं शास्त्र–सम्मत बनाने में छात्रों को योग्य बनाता है, साथ ही साथ उन्हें आचार, व्यवहार व शिष्टाचार के सनातन तथ्यों से परिचित कराता है ।

पौरोहित्य-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है –

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	05	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	05
शास्त्री द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री तृतीय वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
आचार्य प्रथम वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
आचार्य द्वितीय वर्ष	06	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	06
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
कुल	16	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	16

पौरोहित्य-विभागीय आचार्य

1. प्रो. हरिहर त्रिवेदी — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. रामराज उपाध्याय — सह प्रोफेसर
3. डॉ. वृन्दावन दाश — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

ज्योतिष-विभाग

वेद हमें विशिष्ट कर्म करने के लिए प्रवृत करते हैं। विशिष्ट कर्म सदैव काल सापेक्ष होते हैं। लोक में यह देखने के लिए मिलता है कि जो भी कोई विशिष्ट कर्म शुभ एवं अनुकूल काल में किया जाता है वह कर्म स्वल्प श्रम से ही अधिक फल प्रदान करने वाला होता है। परन्तु जो कर्म अशुभ एवं प्रतिकूल काल में किया जाता है वह कर्म अत्यधिक श्रम के पश्चात् भी स्वल्प फल ही प्रदान करता है। वेद में यज्ञ शब्द विशिष्ट कर्म संज्ञक ही है। इसलिए वैदिक ऋषियों ने उस विशिष्ट कर्म के सम्पादन हेतु कर्म काल के महत्व को प्रतिपादित किया है। यथा-

वेदास्तावद्यज्ञकर्मप्रवृता यज्ञाः प्रोक्तास्ते तु कालाश्रयेण।
शास्त्रादस्मात् कालबोधो यतः स्याद् वेदाङ्गत्वं ज्योतिषस्योक्तमस्मात्॥

समस्त शास्त्रों में ज्योतिष शास्त्र ही एक ऐसा शास्त्र है जो काल के शुभाशुभत्व का निर्धारण करने में सक्षम है। यही कारण है कि समस्त आचार्यों ने इसे वेदाङ्ग रूप में स्वीकार किया है।

व्याकरण शास्त्र वेद भगवान का मुख माना जाता है, ज्योतिष शास्त्र उनके नेत्र हैं, निरुक्त शास्त्र उनके कान हैं, कल्पशास्त्र उनके दोनों हाथ हैं, शिक्षाशास्त्र उनकी नासिका है और छन्द शास्त्र ही उनके दोनों चरण हैं। इस प्रकार वेद के षडङ्गों में ज्योतिष शास्त्र की गणना नेत्र रूप में की गयी है। यथा-

शब्दशास्त्रं मुखं ज्योतिषं चक्षुषी श्रोतमुक्तं निरुक्तञ्च कल्पः करौ।
यातु शिक्षाऽस्य वेदस्य सा नासिका पाद पद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः।।

शरीर के समस्त अङ्गों में नेत्र रूप अङ्ग की प्रमुखता होती है। अन्य समस्त अङ्गों के रहने पर भी यदि नेत्र न हो तो ऐसा मनुष्य कुछ भी करने में समर्थ नहीं होता।

वेदचक्षुः किलेदं स्मृत ज्यौतिषं मुख्यता चाङ्गमध्येऽस्य तेनोच्यते।
संयुतोऽपीतरैः कर्णनासादिभिश्चक्षुषाङ्गेन हीनो न किञ्चित्करः।।

ज्योषितशास्त्र "ज्योतिर्विज्ञान" नाम से प्रसिद्ध है, इससे न केवल इसकी वैज्ञानिकता ही प्रकट होती है बल्कि ग्रह नक्षत्रों की गति, स्थिति, युति, अमावस्या, पूर्णिमा, ग्रहणादि गणितीय पदार्थों के वेध के द्वारा दृक्सिद्धि के कारण यह शास्त्र विज्ञान की श्रेणी में प्रत्यक्षत्व की सिद्धि प्राप्त करता है। जैसे कहा भी गया है-

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तेषु केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ।।

इस शास्त्र के मुख्य रूप से तीन विभाग सिद्धान्त, संहिता और होरा के रूप में किए गए हैं।

सिद्धान्त : - जिस शास्त्र में काल की सूक्ष्मतम इकाई त्रुटि से लेकर प्रलय पर्यन्त काल की गणना की जाती है, काल के नवविधमानों का जहां क्रम से विवेचन किया जाता है, व्यक्ताव्यक्त गणित का जहां प्रयोग किया जाता है, ग्रह गति का निरूपण, भूमि, ग्रह एवं नक्षत्रों की अन्तरिक्ष में गति-स्थिति का विवेचन, दिक् देश एवं काल इन तीनों से सम्बद्ध प्रश्नों का जहां विवेचन किया जाता है और इन समस्त गणितोपलब्ध पदार्थों की दृक्सिद्धि के लिए विविध प्रकार के यन्त्रों का जहां वर्णन किया जाता है उसे सिद्धान्त कहते हैं। जैसे कहा भी गया है-

त्रुट्यादिप्रलयान्तकालकलना मानप्रभेदः क्रमा-
च्चारश्च द्युसदां द्विधा च गणितं प्रश्नास्तथा सोत्तराः।
भूधिष्ण्यग्रहसंस्थितेश्च कथनं यन्त्रादि यत्रोच्यते
सिद्धान्तः स उदाहृतोऽत्र गणित-स्कन्धप्रबन्धे बुधैः।।

सिद्धान्त शास्त्र पर अनेक स्वतन्त्र रचनाएँ हैं। समय-समय पर इस शास्त्र में आचार्यों के द्वारा अनेक संशोधन एवं परिवर्धन भी हुए हैं। आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य, मुनीश्वर, श्रीपति, गणेश दैवज्ञ, कमलाकर भट्ट, बापुदेव शास्त्री, सुधाकर द्विवेदी आदि प्रमुख आचार्य हुए हैं। सिद्धान्त स्कन्ध के अन्तर्गत सूर्य सिद्धान्त, ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त, सिद्धान्तशिरोमणि, सिद्धान्त तत्त्व विवेक, आर्यभटीय, ग्रहलाघव, केतकीग्रह गणितादि ग्रन्थों का अध्ययन-अध्यापन किया जाता है।

संहिता- आकाशस्थ ज्योतिर्पिण्डों के समष्टिगत फल का विचार ज्योतिष के जिस स्कन्ध के अन्तर्गत किया जाता है उसे संहिता स्कन्ध कहते हैं। संहिता स्कन्ध के अन्तर्गत भूगर्भ के अन्तरिक्ष तक त्रिविध उत्पातों का विवेचन एवं इनमें होने वाले परिवर्तनों एवं परिणामों का निरूपण किया जाता है। अर्थात् इसमें सम्पूर्ण ज्योतिष शास्त्र के विषयों का वर्णन किया जाता है। संहिता स्कन्ध के अन्तर्गत ग्रहचार आदि फलों के अतिरिक्त सद्योवर्षण, भूकम्पलक्षण, उल्का लक्षण, अर्घकाण्ड (तेजी मन्दी), उत्पात, रत्नपरीक्षा शकुनादि फल, श्वानशृगाल-मृग-गो-अश्व-हस्ति-काक आदि जन्तुओं के चेष्टादि फल, शकुनोत्तर फल, तिथि-नक्षत्र-करण-राशि गुणानुसार फल एवं गोचर में स्थित ग्रहों के फल होने के कारण फलित ज्योतिष के प्रधान अङ्ग के रूप में विश्व विख्यात है। संहिता शास्त्र के अन्तर्गत आचार्य वराहमिहिर विरचित बृहत्संहिता प्रसिद्ध ग्रन्थ है।

होरा- जातक के जन्मकालीन आकाशस्थ ग्रह नक्षत्रों के अनुसार निर्मित जन्माङ्ग के आधार पर जीवन में सम्भावित शुभाशुभ घटनाओं का पूर्वानुमान जिस स्कन्ध के अन्तर्गत किया जाता है उसे होरा स्कन्ध कहते हैं। इसमें प्राणी के आधान काल से प्रसवकाल तक तथा प्रसव से अवसान काल तक जीवन के सभी शुभाशुभ पक्षों का विवेचन किया जाता है। अथवा आधान कालिक या जन्मकालिक ग्रहों की स्थिति के आधार पर उनके परिणामों का विश्लेषण एवं विवेचन किया जाता है। इस स्कन्ध को जातक स्कन्ध भी कहा जाता है। इस स्कन्ध के अन्तर्गत बृहज्जातक, लघुजातक, जातकपारिजात, जातकालंकार, लघुपाराशरी, बृहत्पाराशर होरा शास्त्र, प्रश्नशास्त्र, मुहूर्तचिन्तामणि, सारावली, फलदीपिका, भारतीय कुण्डली विज्ञान, ताजिक नीलकण्ठी, नरपत्तिजयचर्यास्वरोदय, समरसार, पञ्चस्वरा, चमत्कार चिन्तामणि आदि ग्रन्थों का अध्ययन अध्यापन किया जाता है।

ज्योतिषशास्त्र के तीनों स्कन्धों में प्रतिपाद्य विषयों का विभाग वराहमिहिर द्वारा रचित वृहत्संहिता में निम्न पद्य में सम्यक् रीति से किया गया है।

ज्योतिः शास्त्रमनेकभेदविषयं स्कन्धत्रयाधिष्ठितं
तत्कात्स्र्योपनयस्य नाम मुनिभिः सङ्कीतर्यते संहिता।
स्कन्धेऽस्मिन् गणितेन या ग्रहगतिस्तन्त्राभिधानस्त्वसौ
होराऽन्योऽङ्गविनिश्चयश्च कथितः स्कन्धस्तृतीयोऽपरः।। (बृ.सं. १/९)

ज्योतिष विभाग जन-सामान्य को ज्योतिष-शास्त्र के परम्परागत ज्ञान से परिचित कराने के लिए एक-एक वर्ष की समयावधि के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम 'ज्योतिष-प्राज्ञ' एवं 'ज्योतिष-भूषण' सञ्चालित करता है। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति एवं उसके द्वारा प्रदत्त विशेष सहायता योजना (SAP-DRS-I,II एवं III ज्यो0) के अन्तर्गत मेडीकल-एस्ट्रोलॉजी में एक वर्ष का प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम सञ्चालित करता है। इस योजना के अन्तर्गत बाह्य विद्वानों के विशिष्ट व्याख्यान भी कराये जाते हैं।

ज्योतिष विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 'पञ्चाङ्ग' का संपादन एवं प्रकाशन किया जाता है। इस वर्ष संवत् 2072 (शक्-संवत् 1937) के पञ्चाङ्ग का प्रकाशन किया गया। इसका सम्पादन प्रो. प्रेम कुमार शर्मा एवं डॉ. बिहारी लाल शर्मा ने किया। पञ्चांग निर्माण का कार्य समस्त ज्योतिष विभागीय अध्यापकों द्वारा सामूहिक दायित्व के रूप में किया गया। इसके प्रकाशन, विक्रय एवं विद्वानों को उपलब्ध कराने का कार्य शोधप्रकाशन विभाग द्वारा किया गया।

ज्योतिष विभाग द्वारा षाण्मासिक पत्रिका **भैषज्य ज्योतिष मञ्जूषा** के तृतीय पुष्प जुलाई 2014 का प्रकाशन किया गया। जिसमें ज्योतिष के जिज्ञासु महानुभावों की भैषज्य ज्योतिष से सम्बद्ध विविध जिज्ञासाओं के शमनार्थ देशभर के लब्धप्रतिष्ठ ज्योतिर्विदों के विद्वत्तापूर्ण शोधलेखों का उत्तम संग्रह है।

प्रमाण पत्र/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रविष्ट छात्रों का विवरण

पाठ्यक्रम का नाम	**पुरुष**	**महिला**	**कुल**
ज्योतिष प्राज्ञ	44	09	53
ज्योतिष भूषण	17	02	19
मेडिकल भैषज	15	--	15
कुल योग	**76**	**11**	**87**

सिद्धान्त-ज्योतिष में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	05	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	05
शास्त्री द्वितीय वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
शास्त्री तृतीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
आचार्य प्रथम वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
आचार्य द्वितीय वर्ष	04	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
विशिष्टाचार्य	04	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
विद्यावारिधि	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
कुल	21	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	21

फलित-ज्योतिष में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है –

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	08	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	08
शास्त्री द्वितीय वर्ष	14	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	14
शास्त्री तृतीय वर्ष	13	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	13
आचार्य प्रथम वर्ष	25	01	--	--	03	--	01	--	01	--	--	--	31
आचार्य द्वितीय वर्ष	16	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	16
विशिष्टाचार्य	07	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	07
विद्यावारिधि	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
कुल	86	01	--	--	03	--	01	--	01	--	01	--	93

त्रिदिवसीय राष्ट्रिय पञ्चाङ्ग कार्यशाला

दिनांक 15.10.2014 से दिनांक 17.10.2014 तक विद्यापीठ पञ्चाङ्ग 2072 के व्रत-पर्व एवं उत्सव के निर्णय हेतु त्रिदिवसीय पञ्चाङ्ग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ज्योतिष एवं धर्मशास्त्र के देश भर से विद्वान् उपस्थित हुए।

इस कार्यशाला में वर्षभर में मनाये जाने वाले व्रत-पर्वोत्सवों की ज्योतिष एवं धर्मशास्त्रीय व्यवस्थाओं पर गम्भीर चिन्तन एवं मनन कर शास्त्रीय रीति से व्रत-पर्वोत्सवों का निर्णय किया गया।

ज्योतिष-विभागीय आचार्य

1.	प्रो. प्रेम कुमार शर्मा	प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2.	डॉ. बिहारीलाल शर्मा	सह प्रोफेसर
3.	डॉ. विनोद कुमार शर्मा	सह प्रोफेसर
4.	डॉ. नीलम ठगेला	सह प्रोफेसर
5.	डॉ. दिवाकर दत्त शर्मा	सहायक प्रोफेसर
6.	डॉ. परमानन्द भारद्वाज	सहायक प्रोफेसर
7.	डॉ. सुशील कुमार	सहायक प्रोफेसर
8.	डॉ. फणीन्द्र कुमार चौधरी	सहायक प्रोफेसर
9.	डॉ. रश्मि चतुर्वेदी	सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

वास्तुशास्त्र विभाग

भारतीय चिन्तन धारा के आदि स्रोत के रूप में वेद ही सभी शास्त्रों के मूल आधार हैं। यह सर्वविदित है कि चार वेदों के चार उपवेद भी विख्यात हैं। यथा- ऋग्वेद का आयुर्वेद, यजुर्वेद का धनुर्वेद, सामवेद का गान्धर्व वेद और अथर्ववेद का स्थापत्य वेद। स्थापत्य वेद का अभिप्राय भी निवास योग्य स्थापना से ही है।

स्थापत्य के रूप में वास्तुशास्त्र का वर्णन वैदिककाल से ही सर्वत्र दिखाई देता है । दिग् और काल के अनुरूप किसी भी देश एवं स्थान में स्थापत्य का विचार अभिष्ट व्यक्ति के अनुरूप करना वास्तुशास्त्र का मुख्य उद्देश्य है । स्थापत्य के शुभाशुत्व के विचार के कारण ही ज्योतिष शास्त्र के संहिता भाग में वास्तु विद्या का समावेश हआ। ज्योतिष शास्त्र का मुख्य विचारणीय विषय काल है जैसा कि कहा भी गया है- **ज्योतिषं कालविधानं शास्त्रम्।** काल का ज्ञान देश एवं स्थान सापेक्ष होता है। देश के विना सम्यक् रूप में दिग् एवं काल की अवधारणा को स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। अतः इस आधार पर कह सकते हैं कि ज्योतिष और वास्तु परस्पर अन्योन्याश्रित शास्त्र हैं ।

सहस्रों वर्षों से हमारे आचार्यों ने इस क्षेत्र में अनेकों परिवर्तन एवं परिवर्धन किये। मत्स्य पुराण के अनुसार भृगु, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वकर्मा, मय, नारद, नग्नजित्, विशालाक्ष, पुरन्दर, नन्दीश, शौनक, गर्ग, वासुदेव, अनिरुद्ध, शुक्र, बृहस्पति, एवं अश्विनीकुमारों ने वास्तु की विस्तृत व्याख्या करके अच्छे कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अश्विनीकुमार, विश्वकर्मा और मय सर्वाधिक रूप से वास्तु के विख्यात आचार्य रहे हैं। विश्वकर्मा और मय प्रायः वास्तुशास्त्र के समकालीन प्रतिद्वन्द्वी आचार्य माने जाते हैं। आज दानवशिल्पी मय का "मयमतम्" और देवशिल्पी विश्वकर्मा का "विश्वकर्मा वास्तुशास्त्रम्" नाम के ग्रन्थ उपलब्ध हैं। उत्तरोत्तर वास्तु शास्त्र पर अनेकों स्वतन्त्र ग्रन्थ प्रकाशित हुए। इन सभी ग्रन्थों में हर तरह के वास्तु की चर्चा ही नहीं अपितु वास्तु के उद्देश्यों एवं आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

स्थापत्य वेद ही उत्तरवर्ती काल में वास्तुशास्त्र के रूप में परिणत हुआ। वैदिक काल में गृहों का निर्माण ही वास्तु माना जाता था। बाद में गृहों के विकास के साथ ही ग्रामों, नगरों एवं महानगरों का विकास होने लगा। ये सभी विकास वास्तु के अन्तर्गत ही हुए, जिसके चलते वास्तु के क्षेत्र में पर्याप्त विकास हुआ। शनैः शनैः मूर्तिकला एवं चित्रकला भी इसके अंग बन गये। भवन विन्यास को स्थापत्य, मूर्ति निर्माण को शिल्प तथा चित्र निर्माण को आलेख कहा जाने लगा। वास्तु में ही भित्ति प्रतिमाओं तथा भित्ति चित्रों को स्वीकार कर लिया गया। यही कारण रहा की भोजराज ने 'समराङ्गण सूत्रधार' में वास्तुशास्त्र को तीन भागों में विभक्त माना। **१. स्थापत्य, २. शिल्प, ३. चित्र।** वास्तुशास्त्र में देवभवन विन्यास, राजभवन विन्यास एवं जनभवन विन्यास को स्थापत्य के, प्रतिमा आदि धातु, काष्ठ एवं पाषाण निर्माण को शिल्प के तथा समग्र भित्ति चित्रों एवं रेखा चित्रों को आलेख के अन्तर्गत समाहित किया गया। कुछ विद्वानों का मानना है कि वास्तुशास्त्र- शिल्पशास्त्र के अन्तर्गत है परन्तु 'समराङ्गण सूत्रधार' ने शिल्प और चित्र को वास्तुशास्त्र में ही समाहित माना। 'समराङ्गणसूत्रधार' से कई सौ वर्ष पूर्व वराहमिहिर ने उक्त सभी विषयों को ज्योतिषशास्त्र के संहिता विभाग में वर्णित किया है। सम्प्रति प्राप्त सम्पूर्ण वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों में पुर, दुर्ग, भवन, प्रासाद, प्रतिमा, चित्र, यन्त्र, शयनासन आदि समग्र स्थापत्य के अंगों का वर्णन एवं परम्परा का निर्वहन विस्तृत रूप में मिलता है।

सृष्टि पञ्चभूतात्मक है, ठीक इसी प्रकार मनुष्य का शरीर भी पाँच तत्त्वों (पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश) का ही समिश्रण है। पृथ्वी पर किया जाने वाला कोई भी कार्य पाँच तत्त्वों पर ही आधारित होता है, पृथ्वी पर सूर्य की रश्मियों का प्रभाव? पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र, हवाओं की दिशा व उसका प्रभाव आदि कुछ ऐसे तथ्य हैं जिनका वास्तु शास्त्र की दृष्टि से विचार आवश्यक है। प्रातःकालीन सूर्य रश्मियाँ स्वास्थ्य पर अनुकूल और मध्याहन कालीन सूर्यरश्मियाँ स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। चुम्बकीय क्षेत्र हमारे शरीर को सर्वाधिक प्रभावित करता है इसी लिये हमारे आचार्यों ने उत्तरदिशा की ओर सिर करके शयन करना निषिद्ध कहा है।

वस्तुतः वास्तुपुरुष पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति और विभिन्न बलधाराओं का उठता स्वरूप है, जिसे सन्तुलित करने के लिए ग्रहों, नक्षत्रों, सूर्य, चन्द्र, वायु, जल, ताप आदि प्राकृतिक शक्तियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई परन्तु यह चेतना का स्वरूप है जो बुद्धि से नहीं भावना से देखा जाता है। पृथ्वी सतह की चेतना को हमारे पूर्वजों ने चैतन्य वास्तु पुरुष के रूप में देखा, समझा, पूजा और तदनुकूल भवन, नगर आदि रचनायें कीं। आज तो भौतिकविद् इस विश्व को अविलगित ऊर्जा प्रतिकृतियों का गतिशील जाल

(Dynamic web of inseparable energy patterns) मानते हैं। इस समग्र पृथ्वी पर वास्तुपुरुष का एक रूप और प्रत्येक व्यष्टि रूप वास्तु में वास्तु पुरुष का एक अन्य रूप, इस प्रकार के बृहद् से बृहद् एवं सूक्ष्म से सूक्ष्म वास्तु रूपों के वर्णन से यह द्योतित होता है कि जैसे हमारा सम्पूर्ण शरीर एक सजीव इकाई है परन्तु उसे बनाने वाली सूक्ष्म कोशिकायें भी अपने में एक चेतन्य इकाईयां हैं। उनकी प्रतिक्रियायें समग्र शरीर की प्रतिक्रिया होती है। यही एकात्मता का भाव वास्तु में भी प्रधान है। ग्रह, नक्षत्र, सूर्य, चन्द्र आदि सभी के ऊर्जा प्रभाव के कारण वास्तुरचना अनुकूल और प्रतिकूल परिणाम देती है इसीलिए वास्तुशास्त्र ने जीवन में इन सभी बलधाराओं और ऊर्जा प्रभावों को देवताओं के भिन्न-भिन्न नामों और रूपों से देखा, समझा और पूजा।

वास्तु शास्त्र का उद्देश्य सर्वविध सुखी एवं शान्त सुरक्षित जीवन से है जहाँ रहकर व्यक्ति अपने उद्देश्य की पूर्ति कर सकें। भौतिकवादी दृष्टिकोण से हम एक घर को सुन्दर आकार तो दे सकते हैं परन्तु उसमें व्यक्ति सुखी व समृद्ध रहेगा इसकी निश्चित कल्पना नहीं की जा सकती है, जबकि हमारे आचार्यों ने सर्वविध विचार किया है। हम धरती पर गृह बनाते हैं पृथ्वी हमारी माता है। वह हमें धारण किये हुए है, वह हमारे सौर परिवार की एक सजीव इकाई है जिसमें चतुर्दिक् जीवन फल-फूल रहा है। ऐसा ग्रह हमारे सौर मण्डल में एक ही है शायद और भी अधिक जीवित ग्रहों वाले सौर मण्डल होंगे जिनका वर्णन रूपान्तर से हमारे प्राचीन ग्रन्थों में मिलता है परन्तु यह समग्र विश्व ब्रह्माण्ड जिस महत् चेतना से व्याप्त है जो इसको संचालित, नियमित और नियंत्रित करता है वही ईश्वर है। यह कालातीत ईश्वर नित्य, नूतन, पुरातन, स्थिर और परिवर्तनशील भी है। दृश्य और अदृश्य सबका भूत, भविष्य, वर्तमान भी वही है। यही वास्तु पुरुष के रूप में पूजा जाता है।

भारतीय संस्कृति के विकास में धर्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहाँ धर्म को विराट अर्थ में लिया गया है। हमारे पूर्वजों ने धर्म की कई प्रकार की व्याख्यायें की। इसी सातत्य में उन्होंने लिखा- **यतोऽभ्युदय - निश्रेयस् - सिद्धिः स धर्मः**। अर्थात् जिस से मानव का अभ्युदय और उसका निःश्रेयस दोनों सिद्ध हो सके वही धर्म है। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उन्नति से है। आमोद-प्रमोद, भोजन-पान, निवास एवं परिधान, अलङ्करण एवं रहन सहन के साधन जितने ही प्रचुर हो, सुलभ हों उतने ही वे अभ्युदय के परिचायक माने गये हैं। जैसे-जैसे मानव घर में रहने लगा, वह सभ्य एवं सुसंस्कृत माना जाने लगा अन्यथा मानव को असभ्य एवं जंगली ही कहा जाता था। अस्तु कह सकते हैं कि भवन निवेश मानव सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण में एक प्रमुख साधन है। रहने के लिए झोपड़ी है या विशाल भवन, या गगन चुम्बी विमान, यह तो मानव के अभ्युदय का परिचायक है।

भारतीय वास्तु सूक्ष्म से सूक्ष्म भी है और महान से महान भी, गृह चिन्तन में वह **अणोरणीयान्** है तथा ब्रह्माण्ड के चिन्तन में **महतोमहीयान्**। अतः इस सन्दर्भ में मात्र गृह तक ही चिन्तन करना अभिशाप होगा। वास्तु भारतीय संस्कृति का बड़ा ओजस्वी अङ्ग है। यह वह अङ्ग है जहाँ पार्थिव-अपार्थिव दोनों का संगम होता है। इस सन्दर्भ का यह निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए कि इस देश में भौतिक पक्ष को गौण माना गया, ऐसा नहीं है, हमने तो सदैव आध्यात्म एवं भौतिक को संतुलित रखा। भौतिक की उद्दात गति का सदैव आध्यात्म से निरोध होना चाहिए तभी प्रक्रिया सनातन रह सकती है। अन्यथा भौतिकवादी भस्मासुर अपने जनक शिव को ही भक्षण करने का प्रयास करेगा।

वास्तुशास्त्र की एक विस्तृत शास्त्रीय परम्परा एवं वर्तमान में इसके स्वरूप व लोगों में इस शास्त्र के प्रति रुचि को देखते हुए विद्यापीठ ने अन्य विभागों के ही अनुरूप वास्तुशास्त्र विभाग में भी शास्त्री, आचार्य, विशिष्टाचार्य एवं विद्यावारिधि की कक्षाओं में प्रवेश सत्र 2013-14 से प्रारम्भ हो हुआ। जन सामान्य की वास्तुशास्त्र में रूचि को देखते हुए एवं विश्वविद्यालय अनुदान के दिशा निर्देशानुसार वास्तुशास्त्र में द्विवर्षीय पी0जी0 डिप्लोमा पाठ्यकम भी चल रहा है। इस पाठ्यकम का मुख्य उद्देश्य वास्तुशास्त्र के दुर्लभ एवं गम्भीर शास्त्रीय ज्ञान से सामान्य जनता को परिचित कराना है।

वास्तुशास्त्र विभाग में वार्षिक वास्तुशास्त्र विमर्श का प्रकाशन होता है वर्ष 2014-15 में वास्तुशास्त्रविमर्श 'सप्तमपुष्प' का प्रकाशन किया गया । वास्तुशास्त्र विमर्श का विकय एवं आवश्यकतानुसार विद्वानों को उपलब्ध कराने का कार्य विद्यापीठ के प्रकाशन विभाग द्वारा किया जाता है ।

वास्तुशास्त्र में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है –

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	06	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	06
शास्त्री द्वितीय वर्ष	-	-	--	-	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री तृतीय वर्ष	-	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
आचार्य प्रथम वर्ष	09	-	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	09
आचार्य द्वितीय वर्ष	04	-	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
पी.जी. डिप्लोमा (प्रथम वर्ष)	19	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	22
पी.जी. डिप्लोमा (द्वितीय वर्ष)	07	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	07
कुल	45	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	48

वास्तुशास्त्र–विभागीय आचार्य

1. प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष

◆◆◆

II

साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय

साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय के अन्तर्गत तीन विभाग और पाँच प्रभाग हैं, जिनमें साहित्य, पुराणेतिहास और प्राकृत विभाग तथा हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और सङ्गणक विज्ञान प्रभाग हैं । साहित्य एवं संस्कृति सङ्काय मूलतः संस्कृत साहित्य वाङ्मय की विभिन्न विधाओं में शिक्षण एवं शोध आदि कार्य सम्पादित करता है । संस्कृत के विभिन्न विद्वानों एवं रचनाकारों द्वारा प्रणीत साहित्य का अध्ययन-अध्यापन इसके विभागों एवं प्रभागों में किया जाता है। इन विभागों एवं प्रभागों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है-

साहित्य-विभाग

'पञ्चमी साहित्यविद्या'–आचार्य राजशेखर के अनुसार वेद–विहित चार विद्याओं के अतिरिक्त पञ्चमीविद्या के रूप में साहित्य का अनिवार्य स्थान माना गया है । वर्तमान युग में भी यह उक्ति चरितार्थ है । निखिल विश्व साहित्य और साहित्यशास्त्र, सौन्दर्यशास्त्र, कला और कलाशास्त्र, सङ्गीत और सङ्गीतशास्त्र, नाट्य और नाट्यशास्त्र आदि इस के अन्तर्गत होने के कारण लोक जीवन में यह साहित्य प्रतिपद अनुभूत होता है । विश्व वाङ्मय में संस्कृत शब्द के उच्चारण मात्र से प्रथम दृष्ट्या व्यास, वाल्मीकि, कालिदास आदि का तथा रामायण, महाभारत, अभिज्ञानशाकुन्तल, मेघदूत आदि का स्मरण हो जाता है । इससे संस्कृत साहित्य की महिमा और लोकप्रियता स्वतः स्पष्ट हो जाती है । तथापि संस्कृत साहित्य की अगणित विद्याओं में से वर्गीकृत रूप से काव्य–काव्यशास्त्र, अलङ्कार–अलङ्कारशास्त्र, नाट्य–नाट्यशास्त्र आदि भागों को विशेष रूप से साहित्य विभाग के पाठ्यक्रम में रखा गया है– जैसे काव्यभाग में कालिदास, भवभूति, भारवि, माघ, श्रीहर्ष, बाण आदि के क्रमशः मेघदूत कुमारसम्भव आदि उत्तररामचरित, किरातार्जुनीय, शिशुपालवध, नैषधीयचरित, कादम्बरी आदि काव्य, काव्यशास्त्र में षट् प्रस्थान के अन्तर्गत प्रमुखरूप से भरतमुनि, अभिनवगुप्त, वामन, कुन्तक, आनन्दवर्धन, क्षेमेन्द्र एवं तत्तत् पक्ष समर्थक मम्मट, भामह, विश्वनाथ आदि को रखा गया है । इन पारम्परिक काव्यशास्त्रों के साथ अध्येताओं के लिये अलङ्कारशास्त्र के अन्तर्गत भामह, चित्रमीमांसा, अलङ्कारसर्वस्व आदि तथा नाट्य–नाट्यशास्त्र के अन्तर्गत नाट्यशास्त्र, नाट्यदर्पण, अभिनवभारती, स्वप्नवासवदत्तम्, चारूदत्त, वेणीसंहार, अभिज्ञानशाकुन्तल आदि पाठ्यक्रम में निर्धारित हैं । साहित्य विभाग का प्रयास है कि शास्त्री से आचार्य तक अध्ययन के उपरान्त प्रत्येक छात्र एक पूर्ण विकसित साहित्यिक परम्परा से उद्बुद्ध हो। स्नातकोत्तर स्तर पर काव्यशाखा, नाट्यशाखा, एवं अलङ्कारशाखा के रूप में संस्कृत साहित्य एवं साहित्यशास्त्र के विशद अध्ययन एवं अध्यापन से इस विभाग को विशेष गौरव प्राप्त है ।

वर्तमान युग में शोध की दृष्टि से तथा जनसामान्य के लाभ के लिये महाकाव्यों की प्रासङ्गिकता के प्रचार–प्रसार एवं विशद–अध्ययन की दृष्टि से विभाग में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष आर्थिक अनुदान (SAP) से 'बृहत्त्रयी बृहत्कोशयोजना' के रूप में एक विभागीय शोध–योजना चल रही है, जो विभाग के अध्येताओं की शोध प्रवृत्ति वृद्धि की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है । सैप (DRS-II) भी यू.जी.सी द्वारा स्वीकृत।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार साहित्य विभागीय पाठ्यक्रम का संशोधन एवं विस्तार विभागीय अध्ययनमण्डल के द्वारा किया गया, जिसमें भरत से लेकर आधुनिक कालपर्यन्त समस्त साहित्यशास्त्रीय ग्रन्थों का समावेश किया गया है तथा प्राच्य पाश्चात्य साहित्य तथा साहित्यशास्त्र का भी अध्ययन कराया जा रहा है ताकि छात्रों की तुलनात्मक सूक्ष्मता का सामाजिक परिवेश के अध्ययन हेतु पर्याप्त विकास हो सके ।

इस वर्ष विभाग में सम्पूर्ण विद्यापीठ के छात्रों के लिए नेट् (NET) कक्षा का २०.११.२०१४ से १२.१२.२०१४ आयोजन तक किया गया था। १३.०३.२०१५ को विभागीय सी.बी.सी.एस के तहत पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया । विभाग द्वारा 'पाश्चात्यकाव्यशास्त्रपरिशीलनम्' विषय पर २६.०३.२०१५ से २८.०३.२०१५ तक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । २६.०३.२०१५ को पं० मण्डनमिश्र स्मारकव्याख्यानमाला का आयोजन विभाग द्वारा हुआ था। दिनांक २८.०३.२०१५ को पं० वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला का भी आयोजन विभाग द्वारा किया गया था ।

साहित्य-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	21	04	01	--	--	--	--	--	03	01	--	--	30
शास्त्री द्वितीय वर्ष	22	--	--	--	01	--	--	--	01	--	--	--	24
शास्त्री तृतीय वर्ष	27	01	--	--	--	--	--	--	02	01	--	--	31
आचार्य प्रथम वर्ष	08	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	--	09
आचार्य द्वितीय वर्ष	12	03	--	01	--	--	--	--	02	--	--	--	18
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	06	03	--	02	--	--	--	--	01	01	--	--	13
कुल	96	11	01	03	01	--	--	--	10	03	--	--	125

साहित्य-विभागीय आचार्य

1. प्रो. शुकदेव भोइ — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. प्रो. भागीरथि नन्द — प्रोफेसर
3. प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी — प्रोफेसर
4. प्रो. रश्मि मिश्रा — प्रोफेसर
5. डॉ. सुमन कुमार झा — सहायक प्रोफेसर
6. डॉ. अरविन्द कुमार — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

पुराणेतिहास-विभाग

प्राचीन संस्कृत साहित्य में पुराणों का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है । इन्हें भारतीय संस्कृति, सभ्यता, राजनीति, भूगोल, इतिहास आदि का विश्वकोष कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी । समस्त शास्त्रों का मूल आधार पुराणों में विद्यमान है । अतः पुराणों का अध्ययन हर दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है । भारतीय परम्परा के अनुसार महापुराणों की संख्या १८ है । इनके एक–एक उपपुराण भी हैं । इन पुराणों के कर्त्ता महर्षि व्यास माने जाते हैं । पुराणों में मुख्यतः सृष्टि, प्रलय, राजवंशावलियाँ, मनुओं का काल तथा विभिन्न राजाओं का इतिहास वर्णित है । यही कारण है कि इसे पुराणेतिहास नाम से भी जाना जाता है ।

पुराणेतिहास-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री द्वितीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री तृतीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
आचार्य प्रथम वर्ष	01	--	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	02
आचार्य द्वितीय वर्ष	07	01	--	--	--	--	01	--	--	--	--	--	09
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
कुल	11	01	--	01	--	--	01	--	--	--	--	--	14

पुराणेतिहास-विभागीय आचार्य

1. प्रो. इच्छाराम द्विवेदी — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. शीतला प्रसाद शुक्ल — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

प्राकृत-विभाग

भारत की प्राचीन भाषाओं में प्राकृत का गौरवपूर्ण स्थान है । एक समय में यह बोल–चाल की भाषा भी थी । यही कारण है कि तत्कालीन दार्शनिकों ने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इस भाषा के माध्यम से दिया, जिनमें जैनदर्शन के आचार्य प्रमुख थे । इस भाषा की प्रचुरता एवं सरलता–सरसता के कारण ही संस्कृत नाट्य शास्त्रकारों ने नाटक के जनसामान्य पात्रों के संवादों को इस भाषा में निबद्ध करने का निर्देश दिया, जिसका अनुपालन सभी नाट्यकारों ने किया । अतः प्राचीन धार्मिक सिद्धान्तों विशेष रूप से जैनदर्शन के सिद्धान्तों के मौलिक अध्ययन, संस्कृत नाटकों एवं प्राकृत काव्यों के अध्ययन के साथ–साथ भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं पुरातत्त्व सम्बन्धी अध्ययन के लिये यह विषय अत्यन्त उपयोगी है । अनेक शिलालेख, ताम्रपत्र लेख, प्राकृत भाषा में निबद्ध हैं । इस भाषा के व्यापक अध्ययन के लिये प्राकृत प्रकाश, प्रवचनसार, समयसार, नियमसार, गाथासप्तशती, पउमचरिउ, कर्पूरमञ्जरी आदि ग्रन्थों का अध्ययन किया जाता है ।

प्राकृत-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलाङ्ग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री तृतीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
आचार्य प्रथम वर्ष	01	--	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
कुल	01	--	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03

प्राकृत वाङ्मय व्याख्यानमाला

प्राकृतभाषा विभागीय 'आचार्य कुन्दकुन्द-स्मृतिव्याख्यानमाला' का तेरहवाँ (13) सत्र दिनाङ्क 25 फरवरी, 2015 ई. को सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रो. राजाराम जैन ने की तथा मुख्यवक्ता प्रो. वृषभप्रसाद जैन, लखनऊ ने 'शौरसेनी प्राकृतभाषा और इसके साहित्य का भारतीय भाषाओं व उनके साहित्य पर प्रभाव' विषय पर 2 गम्भीर व्याख्यान प्रस्तुत किये। उसका विषयप्रवर्तन विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. सुदीपकुमार जैन ने किया तथा कृतज्ञताज्ञापन डॉ. जयकुमार उपाध्ये ने किया।

प्राकृत- विभागीय आचार्य

1. प्रो. सुदीप कुमार जैन — प्रोफेसर
2. डॉ. जयकुमार एन. उपाध्ये — सह प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
3. डॉ. कल्पना जैन — सहायक प्रोफेसर

शास्त्रीय विषयों के साथ–साथ आधुनिक विषयों जैसे–हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं सङ्गणक विज्ञान का अध्ययन–अध्यापन किया जाता है ।

हिन्दी

1. डॉ. सविता — सह प्रोफेसर
2. डॉ. जगदेव कुमार शर्मा — सहायक प्रोफेसर

अंग्रेजी

1. डॉ. मीनू कश्यप — सह प्रोफेसर
2. डॉ. अभिषेक तिवारी — सहायक प्रोफेसर

समाजशास्त्र

डॉ. प्रगति गिहार — सह प्रोफेसर

राजनीति विज्ञान

श्री केशव नारायण मिश्र — सहायक प्रोफेसर

संगणक विज्ञान

श्री आदेश कुमार — सहायक प्रोफेसर

राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक- 26 फरवरी 2015 ई. को विभाग द्वारा 'प्राकृतभाषा और साहित्य की समसामयिक सन्दर्भों में महत्ता' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उसमें मुख्य अतिथि प्रो. वृषभप्रसाद जैन, लखनऊ रहे। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने की एवं विषयप्रवर्तन प्रो. सुदीप कुमार जैन ने किया।

इस एक दिवसीय संगोष्ठी में कुल 3 शैक्षणिक सत्र आयोजित हुए, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षिक संस्थानों के कुल 12 विद्वानों ने अपने गवेषणापूर्ण शोध-आलेख प्रस्तुत किये और उन पर परिचर्चा हुई। संगोष्ठी का प्रतिवेदन संयोजक प्रो. सुदीपकुमार जैन ने प्रस्तुत किया। इसके सहयोगी संयोजक डॉ. जयकुमार उपाध्ये रहे। यह संगोष्ठी कई दृष्टि में नये प्रतिमान स्थापित करने में सफल रही।

◆◆◆

III

दर्शन सङ्काय

दर्शन संकाय के अन्तर्गत आठ विषयों का अध्ययन–अध्यापन, सात विभागों में होता है। ये सात विभाग -- न्याय–वैशेषिक, सांख्ययोग, अद्वैतवेदान्त, विशिष्टाद्वैतवेदान्त, जैनदर्शन, सर्वदर्शन, मीमांसा है। भारतीय सनातन ज्ञान की विविध परम्पराओं का अध्ययन–अध्यापन इस संकाय के अन्तर्गत सम्पन्न होता हैं । वस्तुतः भारतीय दार्शनिक विधाओं के सम्बन्ध में गहन अनुसंधान और समाजोपयोगी ज्ञान–निर्माण में इसके विभिन्न विभाग सतत प्रयत्नशील हैं । विभागों और इनकी कार्यविधि का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है–

न्याय-वैशेषिक-विभाग

न्याय–वैशेषिक–विभाग का प्रमुख उद्देश्य प्राचीनन्याय एवं नव्यन्याय के पाठ्यग्रन्थों का पारम्परिक अध्ययन एवं अध्यापन के माध्यम से संरक्षण एवं सम्वर्धन है। न्याय–वैशेषिक–विभाग में प्राचीन–न्याय एवं नव्य–न्याय, दो विषयों का अध्ययन–अध्यापन सविधि होता है।

प्राचीन-न्याय विषय का अध्ययन करने वाले छात्र मुख्य रूप से प्राचीन–न्यायदर्शन एवं वैशेषिक–दर्शन के प्रारम्भिक ग्रन्थों का अध्ययन करते हैं। प्राचीन न्याय का प्रथम ग्रन्थ "न्याय–सूत्र" है। इसके निर्माता महर्षि गौतम हैं। इस ग्रन्थ को आन्वीक्षिकी, न्यायविद्या, न्याय–दर्शन, न्याय–शास्त्र तथा तर्क–शास्त्र के नाम से भी जाना जाता है। इस दर्शन में सोलह पदार्थ या तत्त्व माने गये हैं :– प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति तथा निग्रहस्थान। इन पदार्थों का विशद विवेचन इस ग्रन्थ में किया गया है। न्यायशास्त्र के सम्बन्ध में महान् अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ कौटिल्य का मानना है कि यह शास्त्र सभी विद्याओं को प्रकाशित करता है। प्रायः सभी न्यायदर्शन के ग्रन्थ इसी मूल ग्रन्थ पर आधारित हैं। वैशेषिक दर्शन का प्रथम ग्रन्थ वैशेषिक सूत्र है। इसके निर्माता महर्षि कणाद हैं। इस ग्रन्थ को काणाद–दर्शन, औलूक्य–दर्शन एवं वैशेषिक–दर्शन नाम से भी जाना जाता है। इस दर्शन में द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय एवं अभाव नामक सात पदार्थ माने गये हैं। इन्हीं पदार्थों का विशद विवेचन इस ग्रन्थ में है । इस दर्शन का नाम वैशेषिक दर्शन इसलिये पड़ा, क्योंकि इस दर्शन ने विशेष नाम का पदार्थ अलग से माना है। वैशेषिक–दर्शन के सभी ग्रन्थ इन्हीं सूत्रों पर आधारित हैं। अधुनातन अनेक भौतिक विज्ञान के सिद्धान्तों का मूल रूप, वैशेषिक दर्शन में मिलता है, इनमें परमाणु, गुरुत्वाकर्षण, प्रक्षेपण आदि के सिद्धान्त प्रमुख हैं। **"द्वित्वे च पाकजोत्पत्तौ विभागे च विभागजे यस्य न स्खलिता बुद्धिः तं वै वैशेषिकं विदुः।"** यह कथन स्पष्ट करता है कि इस दर्शन में द्वित्व सङ्ख्या, पाक से होने वाली उत्पत्ति एवं विभाग से उत्पन्न विभाग की विशेष चर्चा है। न्याय–दर्शन एवं वैशेषिक–दर्शन परस्पर एक दूसरे के विरोधी नहीं है इसलिये इन्हें समान–तन्त्र माना गया है। इन दोनों दर्शनों के अध्ययन से छात्रों में तार्किक क्षमता का विकास होता है तथा किसी भी विषय को युक्ति के आधार पर समझने की कला विकसित होती है।

इस दर्शन में सृष्टि का प्रारम्भ परमाणु से माना गया है। संसार के प्रमुख पँाच तत्त्वों :– पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश की वैज्ञानिक चर्चा यहाँ प्राप्त होती है। सृष्टि के आधार परमाणु की समीक्षा करते हुए न्यायवैशेषिक दर्शन में स्पष्ट कहा गया है –

जालान्तर्गते भानौ यत् सूक्ष्मं दृश्यते रजः। तस्य षष्ठतमो भागः परमाणुः स उच्यते।।

जब घर में झरोखे आदि से सूर्य की रश्मियाँ प्रवेश करती हैं तब इन रश्मियों के बीच उड़ते हुए जो छोटे–छोटे कण दिखाई पड़ते हैं इनका छठाँ भाग परमाणु कहा जाता है। यह परमाणु–सिद्धान्त प्रायः मूल रूप से अधुनातन वैज्ञानिकों के सिद्धान्तों से मिलता है। फलतः इस दर्शन का विशिष्ट ज्ञान भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में गम्भीर अनुसन्धान की दृष्टि से अत्यन्त उपादेय है।

नव्य–न्याय विषय का अध्ययन करने वाले छात्र प्रमुख रूप से 'तत्त्व–चिन्तामणि' नाम के ग्रन्थ का अध्ययन करते हैं। 'तत्त्व–चिन्तामणि' नव्य–न्याय का प्रथम ग्रन्थ है। इसके रचयिता आचार्य गङ्गेश उपाध्याय हैं। नव्य–न्याय, न्याय–सूत्र पर ही मूल रूप से आधारित है। न्यायदर्शन के प्रमाण, प्रमेय आदि सोलह पदार्थों का ही नव्य–न्याय के ग्रन्थों में विशिष्ट भाषा एवं शैली में आकर्षक–प्रतिपादन है। प्राचीन न्याय में प्रमेयों की चर्चा प्रधानता से की गयी है परन्तु नव्य–न्याय में प्रमाणों की चर्चा प्रमुख रूप से गङ्गेश उपाध्याय ने की है। नव्य–न्याय के ग्रन्थों की भाषा **प्रकारता, विशेष्यता, संसर्गता, प्रतियोगिता, अनुयोगिता, अवच्छेदकता, अवच्छेद्यता, निरूपकता–निरूप्यता, कारणता–कार्यता, प्रतिबन्धकता–प्रतिबध्यता, अधिकरणता–आधेयता, व्याप्यता–व्यापकता, विषयता–विषयिता** आदि विशिष्ट पारिभाषिक शब्दों से भरी है। इन शब्दों से बनी नव्य–न्याय की भाषा अध्येता को किसी भी पदार्थ के सूक्ष्म से सूक्ष्म रहस्य को सुस्पष्ट समझाने में अत्यन्त उपयोगी होती है।

नव्य–न्याय की भाषा अत्यन्त उन्नत है। इसलिये सभी शास्त्रों में विषय को सूक्ष्म रूप से सुस्पष्ट करने की दृष्टि से बाद के सभी समीक्षकों ने इस भाषा को सादर अपनाया है। संगणक के विशेषज्ञों ने इस भाषा को संगणक के लिये सर्वाधिक उपयोगी माना है। इस प्रकार नव्य–न्याय के अध्ययन से न्याय–दर्शन एवं वैशेषिक–दर्शन के अत्यन्त गूढ़ रहस्यों को समझने में जहाँ हम समर्थ होते हैं वहीं व्याकरण, ज्योतिष, साहित्य आदि अन्य शास्त्रों के मर्म को भी भली–भाँति समझने समझाने की विलक्षण प्रतिभा भी अनायास प्राप्त कर लेते हैं। नव्य–न्याय के अध्ययन से हर प्रकार का अज्ञान दूर हो जाता है। बुद्धि निर्मल होती है। संस्कृत पदों के व्यवहार की शक्ति उत्पन्न होती है। शास्त्रान्तर के अभ्यास की योग्यता प्राप्त होती है। इस प्रकार तर्कशास्त्र में किया गया श्रम छात्रों का हर तरह से उपकार करता है।

यह आन्वीक्षिकी न्यायविद्या सुधीजनों के सभी प्रयोजनों को भी सिद्ध करने वाली है। सभी दर्शनों के विख्यात विद्वान् श्रीवाचस्पतिमिश्र न्यायभाष्य की व्याख्या करते हुए स्पष्ट कहते हैं–"**भाष्यकारास्तु नास्त्येतत्प्रेक्षावतां प्रयोजनं, यत्रान्वीक्षिकी न निमित्तं भवति**"। यह कथन न्याय–शास्त्र सभी के लिए उपादेय है यह सिद्ध करता है।

प्राचीन-न्याय-वैशेषिक-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
शास्त्री द्वितीय वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
शास्त्री तृतीय वर्ष	06	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	06
आचार्य प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
कुल	10	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	10

नव्य न्याय विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		**अनुसूचित जाति**		**अनुसूचित जन जाति**		**विकलांग**		**अन्य पिछड़ा वर्ग**		**अल्पसंख्यक**		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री द्वितीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री तृतीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
आचार्य प्रथम वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	--	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
कुल	02	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03

प्राचीन-न्याय वैशेषिक एवं नव्य-न्याय-विभागीय आचार्य

1. प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. विष्णुपद महापात्र — सहायक प्रोफेसर
3. डॉ. महानन्द झा — सहायक प्रोफेसर
4. डॉ. रामचन्द्र शर्मा — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

साङ्ख्य-योग-विभाग

साङ्ख्य–योग का अध्ययन करने वाले छात्र प्रमुख रूप से साङ्ख्य दर्शन एवं योग–दर्शन के आधारभूत ग्रन्थों का अध्ययन करते हैं । साङ्ख्य–दर्शन का प्रथम ग्रन्थ महर्षि कपिल के द्वारा प्रणीत साङ्ख्य–सूत्र है । प्रसिद्ध आचार्य ईश्वरकृष्ण द्वारा रचित साङ्ख्यकारिका इस दर्शन का अत्यन्त प्रामाणिक ग्रन्थ है । इस दर्शन में कुछ पदार्थ केवल प्रकृति हैं, कुछ प्रकृति एवं विकृति हैं, कुछ मात्र विकृति हैं, तो कुछ न प्रकृति हैं और न ही विकृति । इस प्रकार साङ्ख्यदर्शन में स्वीकृत सभी पच्चीस पदार्थो को चार वर्गों में बाँटा गया है ।

कपिल द्वारा प्रणीत साङ्ख्यदर्शन में ईश्वर की सत्ता न होने से इसे निरीश्वर साङ्ख्य कहते हैं । इस दर्शन में प्रकृति, महत्तत्त्व, अहङ्कार, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ (घ्राण–रसना–चक्षु–त्वक्–श्रोत्र), पाँच कर्मेन्द्रियाँ (वाक्–पाणि–पाद–पायु–उपस्थ) मन, पाँच तन्मात्राएँ (गन्धतन्मात्रा–रसतन्मात्रा–रूपतन्मात्रा–स्पर्शतन्मात्रा–शब्दतन्मात्रा) एवं पाँच महाभूत (पृथ्वी–जल–तेज–वायु–आकाश) एवं पुरुष इस प्रकार कुल पच्चीस पदार्थ माने गये हैं । इन्हीं पदार्थो का अध्ययन इस दर्शन में कराया जाता है । योग–दर्शन का प्रथम ग्रन्थ महर्षि पतञ्जलि द्वारा प्रणीत 'योग–सूत्र' है । इस ग्रन्थ को पातञ्जल योगदर्शन के नाम से भी जाना जाता है । इस योग–दर्शन में साङ्ख्य दर्शन के ही सभी पच्चीस पदार्थ माने गये हैं, केवल पुरुष–विशेष के रूप में एक ईश्वर नाम का पदार्थ यहाँ अतिरिक्त स्वीकार किया गया है । इसीलिये योगदर्शन को सेश्वर साङ्ख्यदर्शन

भी कहा जाता है । इस दर्शन में मनुष्य की चित्त–वृत्तियों का निरोध कैसे सम्भव है यह विस्तार से बताया जाता है । प्रसङ्ग से यहाँ योगासनों एवं विभिन्न प्रकार की सिद्धियों का भी रमणीय विवेचन प्राप्त होता है। आज सम्पूर्ण विश्व का मानव योग के द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ एवं दीर्घजीवी बनाने के लिये इस दर्शन का अध्ययन कर रहा है। 'नास्ति साङ्ख्यसमं शास्त्रं, नास्ति योगसमं बलम्' यह भारतीय मान्यता साङ्ख्य–योग के अप्रतिम महत्त्व को ही प्रदर्शित करती है ।

सांख्ययोग-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		**अनुसूचित जाति**		**अनुसूचित जन जाति**		**विकलांग**		**अन्य पिछड़ा वर्ग**		**अल्पसंख्यक**		
पाठ्यक्रम	**पु0**	**म0**	**पु0**	**म0**	**पु0**	**म0**	**पु0**	**म0**	**पु0**	**म0**	**पु0**	**म0**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
शास्त्री द्वितीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री तृतीय वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
आचार्य प्रथम वर्ष	03	--	--	01	--	--	--	--	01	--	--	--	05
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	--	01
विद्यावारिधि	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
कुल	11	02	--	01	--	--	--	--	02	--	--	--	16

सांख्ययोग-विभागीय आचार्य

1. प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. रविशंकर शुक्ल — सहायक प्रोफेसर
3. डॉ. मारकण्डेय नाथ तिवारी — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

अद्वैत-वेदान्त-विभाग

अद्वैत–वेदान्त का अध्ययन करने वाले छात्र मुख्य रूप से 'ब्रह्मसूत्र' का अध्ययन करते हैं। अद्वैतवेदान्त का प्रथम ग्रन्थ 'ब्रह्मसूत्र' है। इसकी रचना महर्षि बादरायण ने की है । बादरायण को वेदव्यास के नाम से भी जाना जाता है । ब्रह्मसूत्र पर अनेक भाष्य लिखे गये हैं इसमें आद्यशङ्कराचार्य द्वारा लिखा गया शाङ्करभाष्य विश्वप्रसिद्ध है। इस अद्वैत वेदान्त को 'शाङ्करदर्शन' भी कहा गया है । **'वेदान्तो नाम उपनिषत् प्रमाणम्'** वेदान्त में 'उपनिषद्' को अर्थात् वेद–वाक्यों को परम प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाता है । अद्वैत वेदान्त चतुर्लक्षण हैं । वेदान्तशास्त्र के प्रथम अध्याय में यह बताया गया है कि समस्त वेदान्तशास्त्र का तात्पर्य ब्रह्म में समाहित है । इसीलिये इस अध्याय का नाम समन्वयाध्याय है । अविरोधाध्याय नामक द्वितीय अध्याय में साङ्ख्य आदि दर्शनों के तर्कों से उत्पन्न विरोधों का सयुक्तिक समाधान किया गया है । तृतीय अध्याय साधनाध्याय में ब्रह्मविद्या की सिद्धि की गयी है । अन्तिम अध्याय फलाध्याय है, जिसमें ब्रह्मविद्या का फल निर्दिष्ट है। इस शाङ्कर दर्शन में ब्रह्म ही एक सत्य है, सम्पूर्ण संसार ब्रह्म का विवर्त है, यही विभिन्न युक्तियों से समझाया गया है। यह दर्शन यदि ठीक से अध्येता हृदयङ्गम कर ले तो जीवन की अनेक विसङ्गतियों से छुटकारा पा सकता है तथा समाज में समता एवं एकता सुप्रतिष्ठित हो सकती है ।

अद्वैतवेदान्त-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री तृतीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
आचार्य प्रथम वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
आचार्य द्वितीय वर्ष	03	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
विशिष्टाचार्य	02	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
विद्यावारिधि	01	01	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	03
कुल	09	02	01	--	--	--	--	--	--	01	--	--	13

अद्वैत-वेदान्त-विभागीय आचार्य

1.	प्रो. एस.एन.रमामणि	प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2.	प्रो. शुद्धानन्द पाठक	प्रोफेसर
3.	डॉ. सतीश के.एस.	सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

विशिष्टाद्वैत-वेदान्त-विभाग

"यस्य पृथिवी शरीरं यस्यापः शरीरं यस्यात्मा शरीरम्" इस बृहदारण्यक श्रुति के द्वारा अवगत होता है कि चित् (चेतन जीव) एवं अचित् (जड़ प्रकृति पृथिव्यादि) शरीर से विशिष्ट आत्मा एक है, अद्वैत है, ऐसा निश्चित होता है । अतः उपनिषदादि प्रतिपाद्य केवल अद्वैत नहीं है, किन्तु चेतन एवं अचेतन से विशिष्ट ब्रह्म या ईश्वर अद्वैत है । जैसे लोक में शरीर एवं शरीरी आत्मा का परस्पर अत्यन्त भेद होने पर भी 'यह एक देवदत्त है' ऐसा जड़ एवं चेतन का विशिष्ट एकत्व का व्यवहार होता है, वैसे ही जड़ पदार्थ एवं जीवों का अनेकत्व होने पर भी एवं ब्रह्म से उन सबका भेद होने पर भी चित्–अचित् से विशिष्ट ब्रह्म एक है – अद्वैत है ऐसा विशिष्टाद्वैतवेदान्त का सिद्धान्त है । इस सिद्धान्त का मुख्य ग्रन्थ श्री बादरायण प्रणीत ब्रह्मसूत्र पर रामानुजाचार्य का "श्रीभाष्य" है, जिसके अध्ययन एवं श्रवण, मनन से जिज्ञासु छात्रगण विशिष्टाद्वैतवेदान्त को यथावत् समझकर अपने देवदुर्लभ मानवजीवन को धन्य एवं सफल बना सकते हैं ।

विशिष्टाद्वैत-वेदान्त-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
शास्त्री द्वितीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री तृतीय वर्ष	02	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
आचार्य प्रथम वर्ष	02	07	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	09
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विशिष्टाचार्य	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
विद्यावारिधि	01	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
कुल	08	08	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	16

विशिष्टाद्वैत-वेदान्त- विभागीय आचार्य

1. प्रो. केदार प्रसाद परोहा — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. के. अनन्त — सहायक प्रोफेसर
3. श्री सुदर्शनन्.एस. — सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

जैनदर्शन-विभाग

ऋषभदेव से लेकर महावीर पर्यन्त चौबीस अर्हन्त तीर्थङ्करों को 'जिन' कहते हैं । जिन के दर्शन को ही जैन दर्शन कहते हैं । जैनदर्शन के तत्त्वज्ञान को सूत्रशैली में प्रस्तुत करने वाला 'तत्त्वार्थ–सूत्र' आचार्य उमास्वामी के द्वारा लिखित एक अद्वितीय ग्रन्थ है । तत्त्वार्थ सूत्र में प्रस्तुत विषयों का ही विशद विवेचन प्रायः जैन–दर्शन के अन्य ग्रन्थों में भी किया गया है, जिनका अध्ययन–अध्यापन जैन–दर्शन विषय के अन्तर्गत होता है । हरिभद्र सूरि का 'षड्दर्शनसमुच्चय' एवं 'शास्त्रवार्त्तासमुच्चय' भी जैनदर्शन की मान्यताओं को समझने में अत्यन्त उपादेय हैं। जैन–दर्शन में जीव–अजीव–आस्रव–बन्ध–संवर– निर्जरा–मोक्ष ये सात तत्त्व माने गये हैं । इनका तात्त्विक विश्लेषण तत्त्वार्थ–सूत्र में सुलभ है । जैनदर्शन का अनेकान्तवाद या स्याद्वाद आज के आधुनिक युग में अनेक प्रकार की सामाजिक समस्याओं के उन्मूलन में अत्यन्त उपादेय है ।

जैन-दर्शन विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शास्त्री प्रथम वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	--	02
शास्त्री द्वितीय वर्ष	03	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
शास्त्री तृतीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	--	01
आचार्य प्रथम वर्ष	04	--	--	02	--	01	--	--	01	01	--	--	09
आचार्य द्वितीय वर्ष	--	02	--	--	--	--	--	--	--	01	--	--	03
विशिष्टाचार्य	01	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	02
विद्यावारिधि	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
कुल	09	03	01	02	--	01	--	--	03	02	--	--	21

जैनदर्शन - विभागीय आचार्य

1. प्रो. वीर सागर जैन — प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. अनेकान्त कुमार जैन — सहायक प्रोफसर
3. डॉ. कुलदीप कुमार — सहायक प्रोफसर

◆◆◆

सर्वदर्शन-विभाग

सर्वदर्शन दर्शनशास्त्र का सर्वाङ्गीण अध्ययन कराने वाला शास्त्र है। दर्शन का लक्ष्य निःश्रेयस् की प्राप्ति है। व्यक्ति का परम लक्ष्य भौतिक भी हो सकता है, आध्यात्मिक भी। दर्शनशास्त्र दोनों मार्गों का औचित्य बतलाते हुए कर्तव्याकर्तव्य, शुभाशुभ का दिशाबोध कराता है । अतः व्यक्ति के भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है ।

भारतीय दर्शन का आरम्भ वेदों से होता है, इसका उत्कर्ष उपनिषदों में मिलता है । कालान्तर में यथार्थ तत्त्व को अलग–अलग विश्लेषण के आधार पर समझाने की प्रक्रिया में सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त– इन षड्दर्शनों का एवं चार्वाक, जैन, बौद्ध, शैवादि दर्शन का अभ्युदय हुआ । इन सभी दर्शनों ने अपने–अपने विचारों को सूत्र–शैली में प्रस्तुत किया, जो तत्तत् दर्शनों के सूत्र–ग्रन्थों के नाम, जैसे– साङ्ख्यसूत्र, योगसूत्र, न्यायसूत्र, मीमांसासूत्र आदि से प्रसिद्ध हैं । सर्वदर्शन विषय में इन सभी दर्शनों का अध्ययन उनके आधारभूत सूत्रग्रन्थों एवं भाष्यग्रन्थों के माध्यम से करवाया जाता है । साथ ही समकालीन दर्शन एवं पाश्चात्य दर्शन का संक्षिप्त ज्ञान भी दिया जाता है ।

सर्वदर्शन-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री द्वितीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री तृतीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
आचार्य प्रथम वर्ष	02	--	--	01	--	--	--	--	--	--	--	--	03
आचार्य द्वितीय वर्ष	07	01	--	--	--	--	--	--	01	01	--	--	10
विशिष्टाचार्य	01	02	01	--	--	--	--	--	01	01	--	--	06
विद्यावारिधि	05	02	--	--	--	--	--	--	02	01	--	--	10
कुल	16	05	01	01	--	--	--	--	04	03	--	--	30

सर्वदर्शन- विभागीय आचार्य

1.	प्रो. हरेराम त्रिपाठी	प्रोफेसर
2.	डॉ. संगीता खन्ना	सह प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्षा
3.	डॉ. प्रभाकर प्रसाद	सहायक प्रोफेसर
4.	डॉ. जवाहर लाल	सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

मीमांसा-विभाग

'पूजितविचारवचनो मीमांसाशब्दः' मीमांसा शब्द का अर्थ पूजित विचार होता है । **''कर्मेति मीमांसकाः''** इस वचन के अनुसार मीमांसा में कर्म को ही ईश्वर माना गया है । मीमांसा का प्रथम ग्रन्थ 'जैमिनि–सूत्र' है इसे द्वादशलक्षणी नाम से भी जाना जाता है । इस दर्शन में द्वादश अध्याय हैं । इस मीमांसा दर्शन के प्रवर्तक महर्षि जैमिनि हैं । धर्म का क्या लक्षण है एवं धर्म में क्या प्रमाण है? यही समझाने के लिये इस ग्रन्थ की रचना हुई है । इसलिये इस दर्शन का प्रथम सूत्र – **'अथातो धर्मजिज्ञासा'** (जै.सू.१/१/१) है । इस शास्त्र में अनेक अधिकरण हैं, जिनके आधार पर धर्म या मानव–कर्त्तव्य याग आदि का विचार होता है । अधिकरण में पाँच अवयव या भाग होते हैं – विषय, संशय, पूर्वपक्ष, सिद्धान्त एवं सङ्गति ।

मीमांसा-विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है–

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**पु०**	**म०**	**कुल**
शास्त्री प्रथम वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
शास्त्री द्वितीय वर्ष	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
शास्त्री तृतीय वर्ष	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
आचार्य प्रथम वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	02	--	--	--	05
आचार्य द्वितीय वर्ष	03	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	03
विशिष्टाचार्य	01	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	01
विद्यावारिधि	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--
कुल	09	--	--	--	--	--	--	--	02	--	--	--	11

मीमांसा- विभागीय आचार्य

डॉ. ए.एस. आरावमुदन् सहायक प्रोफेसर

◆◆◆

IV

आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय

आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र विभाग विद्यापीठ की एक महत्त्वपूर्ण अंग है। वर्तमान समय में, पारम्परिक एवं आधुनिक ज्ञान से सम्बद्ध सदस्य संकाय में हैं। विभाग का विज़न संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण-अधिगम प्रणालियों मे सामर्थ्य विकसित करने हेतु प्रतिबद्ध), कुशल एवं आत्मविश्वास युक्त सशक्त अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षक तैयार करना है, जिसके लिए विभाग द्वारा शिक्षाशास्त्री (बी.एड), शिक्षाचार्य (एम.एड.), विशिष्टाचार्य(एम.फिल) एवं विद्यावारिधि(पी-एच.डी.) पाठ्यक्रमों का अध्यापन किया जाता है। शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश अखिल भारतीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है जो तीन संस्कृत विश्वविद्यालयों श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ, नई दिल्ली, रा.सं.संस्थान, नई दिल्ली एवं रा.सं.विद्यापीठ तिरूपति द्वारा रोटेशनल आधार पर आयोजित की जाती है।

शिक्षाशास्त्रविभाग का ध्येय संस्कृत शिक्षणशास्त्र पर केन्द्रित शिक्षण अधिगम प्रणालियों का प्रभावी नियोजन, अभिकल्पन एवं क्रियान्वयन करना है साथ ही संस्कृत शिक्षणशास्त्र के अनुक्षेत्र में नवाचारी कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना एवं संस्कृत शिक्षा पर केन्द्रित शोध में अन्तर्विद्यापरक उपागम को बढ़ावा देना इस ध्येय का केन्द्रबिन्दु है। शिक्षण हेतु विभाग में उत्तम भौतिक एवं अनुदेशनात्मक सुविधायें उपलब्ध हैं। तीन प्रयोगशालाओं यथा-भाषा, मनोविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विभागीय पुस्तकालय, संसाधन कक्ष, सामाजिक अध्ययन केन्द्र, कला कक्ष तथा संगोष्ठी कक्ष से विभाग समुन्नत है। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अध्यापक अध्ययन अध्यापन में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। शिक्षाशास्त्री के छात्रों को विद्यालयीय स्तर पर शिक्षण हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। इन्हें विद्यालय में पढ़ाये जाने वाले संस्कृत भाषा एवं प्राचीन विषयों यथा-साहित्य, दर्शन एवं ज्योतिष के साथ-साथ आधुनिक विषयों के शिक्षण हेतु तैयार किया जाता है। कम्प्यूटर विषय का अध्ययन भी कराया जाता है। शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किया जाता है। शिक्षाचार्य के विद्यार्थियों द्वारा प्राचीन भारतीय परिप्रेक्ष्य में शिक्षा के विविध पक्षों एवं आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विद्यालयीय समस्याओं, शैक्षिक प्रबन्धन, शिक्षा की वर्तमान नीतियों, विशिष्ट शिक्षा, शिक्षा के दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक पक्षों, नवाचारी शिक्षण तथा शिक्षण अधिगम की दृष्टि से भारतीय साहित्य से सम्बन्धित विषयों पर लघुशोध प्रबन्ध किये जाते हैं।

विशिष्टाचार्य पाठ्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों को विद्यावारिधि/शोध कार्य (शिक्षाशास्त्र) हेतु तैयार किया जाता है। विद्यावारिधि के विद्यार्थी पारम्परिक एवं आधुनिक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित शोध कार्य करते हैं।

शिक्षाशास्त्र विभाग में पाठ्यक्रमानुसार छात्रों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है:-

	सामान्य		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		विकलांग		अन्य पिछड़ा वर्ग		अल्पसंख्यक		
पाठ्यक्रम	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	पु०	म०	कुल
शिक्षाशास्त्री	118	36	15	14	03	06	03	--	35	24	01	01	256
शिक्षाचार्य	20	04	01	02	--	--	--	--	04	01	--	--	32
विशिष्टाचार्य	04	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	--	04
विद्यावारिधि	11	01	--	01	--	--	--	--	05	01	--	--	19
कुल	153	41	16	17	03	06	03	--	44	26	01	01	311

आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय के आचार्य

1. प्रो. नागेन्द्र झा - प्रोफेसर
2. प्रो. भास्कर मिश्र - प्रोफेसर
3. प्रो. रमेश प्रसाद पाठक - प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
4. डॉ. के. भारतभूषण - सह प्रोफेसर
5. डॉ. सदन सिंह - सह प्रोफेसर
6. डॉ. रचना वर्मा मोहन - सह प्रोफेसर
7. डॉ. रजनी जोशी चौधरी - सहायक प्रोफेसर
8. डॉ. कुसुम यदुलाल - सहायक प्रोफेसर
9. डॉ. मीनाक्षी मिश्र - सहायक प्रोफेसर
10. डॉ. विमलेश शर्मा - सहायक प्रोफेसर
11. डॉ. अमिता पाण्डेय भारद्वाज - सहायक प्रोफेसर
12. डॉ. एम.जयकृष्णन् - सहायक प्रोफेसर
13. श्री मनोज कुमार मीणा - सहायक प्रोफेसर

संकाय की गतिविधियाँ

आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय एक प्रशिक्षण विभाग होने के कारण अनेक गतिविधियों का आयोजन करता है, जो कि विद्यार्थियों में मूल्यों का विकास तथा व्यावसायिक नैतिकता विकसित करने के लिये आवश्यक समझा जाता है ।

क. द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

1) शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 30.03.2015 से 31.03.2015 तक **"अध्यापक शिक्षा में मूल्य मीमांसा : वर्तमान परिप्रेक्ष्य एवं चुनौतियां"** विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय प्रमुख प्रो. भास्कर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया।

2) द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम निर्माण हेतु 2 एवं 3 फरवरी 2015 को बाह्य विशेषज्ञों के निर्देशन में द्विदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागीय अध्यापकों ने सहभागिता की।

3) द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम को अन्तिम स्वरूप प्रदान करने हेतु पाँच दिवसीय कार्यशाला दिनांक 10 से 14 फरवरी, 2015 को बाह्य विशेषज्ञों के सान्निध्य में विभाग द्वारा आयोजित की गई।

गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विभाग द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जो निम्न प्रकार है-

i **सत्र-प्रारम्भ**

सत्र का प्रारम्भ 1 जुलाई, 2014 को हुआ तथा प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी ।

ii **विद्यार्थियों का अभिविन्यास कार्यक्रम**

01 अगस्त, 2014 को नये सत्र का औपचारिक उद्घाटन संकायाध्यक्ष प्रो. भास्कर मिश्र द्वारा किया गया तथा अध्यापकों द्वारा बी.एड्. एवं एम.एड्. के विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम से सम्बधित जैसे सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र, शिक्षण अभ्यास तथा सत्रीय कार्यों के बारे में बताया गया। विभाग के सभी शिक्षकों ने उनके द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों के बारे में भी चर्चा की । एम.एड्. और एम.फिल. के विद्यार्थियों को भी उनके विभिन्न प्रश्न-पत्रों के विषय में उनके शिक्षकों द्वारा अभिमुख किया गया। सभी वैकल्पिक विषयों को उनके समक्ष परिचयात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थी बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से अपने वैकल्पिक विषय का चयन कर सकें। लघु-शोध प्रबन्ध के लिये विषयों का चयन करने हेतु एक अलग अभिविन्यास कार्यक्रम किया गया ।

ख. शिक्षाशास्त्री (बी.एड्.) की गतिविधियाँ

i. **प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण-** प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिक्षाशास्त्री के छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य अंग है । दिनांक 19.01.2015 से 29.01.2015 के दौरान भी यह प्रशिक्षण शिक्षाशास्त्री के छात्र-छात्राओं को में दिया गया । इस प्रशिक्षण में आठ व्याख्यानों के माध्यम से सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान के अन्तर्गत परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं को 'दिल्ली रेडक्रास' द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये ।

ii. संस्कृत सम्भाषण शिविर- **संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए, शिक्षाशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों के लिये दिनांक २५.०८.२०१४ से ०८.०९.२०१४ तक संस्कृत सम्भाषण कक्षाओं का आयोजन किया गया ।**

iii. **शैक्षिक पर्यटन** - शिक्षाशास्त्री छात्रों में वास्तविक-ज्ञान विकास एवं प्रकृति पर्यवेक्षण अभिवृद्धि, संगठनात्मक तथा प्रबन्धन कौशल विकास करने के लिये प्रतिवर्ष विभाग द्वारा शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है ।

iv. **सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम** - छात्राध्यापकों को स्कूलों में प्रशिक्षण अभ्यास शुरु करने से पूर्व सूक्ष्म प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षित किया गया । इस वर्ष सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम दिनांक 08.10.2014 से 16.10.2014 तक सम्पन्न कराया गया ।

v. **शिक्षणाभ्यास हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम**- दिनांक 16.10.2014 को बी.एड्. के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

vi. **शिक्षण अभ्यास** - बी.एड्. के प्रशिक्षणार्थियों ने 17.10.2014 से 15.12.2014 तक दिल्ली के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जाकर संस्कृत तथा अन्य आधुनिक विषयों में 40 पाठों का अध्यापन किया ।

vii. **फाउण्डेशन कोर्स** - विद्यापीठ के महिला अध्ययन केन्द्र के निर्देशन में शिक्षाशास्त्री के छात्रों को लैंगिक संवेदीकरण तथा तात्कालिक नारी सन्दर्भित मुद्दों के बारे में फाउण्डेशन कोर्स दिनांक 27.01.2015 से 10.02.2015 तक कराया गया ।

viii. **स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण** - स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिक्षाशास्त्री के छात्र-छात्राओं के लिये पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य अंग है । यह प्रशिक्षण दिल्ली राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से उनके कैम्पिंग ग्राउण्ड में दिया जाता है। प्रारम्भिक प्रशिक्षण डे कैम्प के रूप में होता है । सत्र 2014-2015 में भी यह प्रशिक्षण दिनांक 19.12.2014 से 25.12.2014 तक शिक्षा शास्त्री के छात्रों को भारत सरकार स्काउट कैम्प द्वारा न्यू अशोक नगर तथा सेक्टर-15, नोएडा में दिया गया । प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्रशिक्षणार्थियों को स्काउट एवं गाइड आन्दोलन अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण संबंधित प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये ।

(ix) **शिक्षाशास्त्री छात्रों की अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में उपलब्धियां-**

(i) **रामानुजन कॉलेज ऑफ एजूकेशन-पलवल, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक ।**

पाठयोजना प्रस्तुतीकरण (संस्कृत)-

संजय सैनी	(शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**प्रथम स्थान**
सुमन्त	(शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
अभय	(शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**तृतीय स्थान**

निबन्ध लेखन (संस्कृत)- अजय मोहन गौड़ (शिक्षाशास्त्री द वर्ग) **द्वितीय स्थान**

(ii) **बालाजी कॉलेज ऑफ एजूकेशन-वल्लभगढ़, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक।**

सूक्ष्म शिक्षण प्रतियोगिता - संजय सैनी (शिक्षाशास्त्री द वर्ग) **तृतीय स्थान**

(ग) शिक्षाचार्य (एम.एड्.) की गतिविधियाँ

i. **कक्षा-संगोष्ठी** - एम.एड्. के विद्यार्थियों के लिये प्रथम सेमेस्टर में प्रत्येक सप्ताह एक कक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी हेतु विषयों की घोषणा एक सप्ताह पूर्व की जाती है। प्रत्येक विद्यार्थी को पूरे सत्र में कुल तीन पत्र प्रस्तुत करने होते हैं । संगोष्ठी से सम्बन्धित सभी कार्य जैसे संयोजन, प्रतिवेदन लेखन, संगोष्ठी व्यवस्था तथा धन्यवाद ज्ञापन इत्यादि विद्यार्थियों के द्वारा ही किया जाता है ।

ii. **सत्रीय कार्य** - प्रत्येक वर्ष शिक्षाचार्य (एम.एड्.) के विद्यार्थियों द्वारा पूरे सत्र में कई कार्यक्रम सम्पन्न किये जाते हैं । इस वर्ष भी शिक्षाचार्य (एम.एड्.) छात्रों द्वारा उनके पाठ्यक्रमानुसार दोनों सत्रों में सत्रीय कार्य सम्पन्न किये गये ।

iii. **शिक्षाशास्त्री (बी.एड्.) के विद्यार्थियों का निरीक्षण**- अन्य वर्षों की भाँति इस वर्ष भी एम.एड्. के विद्यार्थियों को प्रथम सेमस्टर में बी.एड्. के विद्यार्थियों के निरीक्षण के शिक्षण कार्य के लिये अलग-अलग विद्यालयों में भेजा गया । प्रत्येक सप्ताह एक दिन निरीक्षण करने के पश्चात् सभी विद्यार्थियों ने अपना-अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

iv. **मनोविज्ञान परीक्षण एवं प्रयोग** - एम.एड्. के छात्रों द्वारा द्वितीय सेमेस्टर में चार मनोवैज्ञानिक परीक्षणों तथा प्रयोगों को सम्पन्न कर लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ।

v. **आंकड़ों का संग्रहण**- विद्यालयों में बी.एड्. के विद्यार्थियों के निरीक्षण के साथ-साथ एम.एड्. के विद्यार्थियों ने अपने लघु-शोध प्रबन्ध से सम्बन्धित आंकड़ों का संग्रहण, अपने विषयानुसार विभिन्न विद्यालयों से किया ।

(घ) विभागीय प्रकाशन - विभाग द्वारा 2014-15 में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका तथा विभागीय पत्रिका 'शिक्षा ज्योति' का प्रकाशन किया गया ।

(ङ) खेलकूद प्रतियोगितायों में शिक्षाशास्त्री छात्रों की उपलब्धियां

(i) **100 मीटर धावन प्रतियोगिता (छात्र वर्ग)-**

	बलदेव (शिक्षाशास्त्री स वर्ग)	**द्वितीय स्थान**

(ii) **100 मीटर धावन प्रतियोगिता(छात्रा वर्ग)-**

	शालिनी गुप्ता(शिक्षाशास्त्री स वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	ज्योति शर्मा (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
	मन्दाकनी मोहन्ती (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**तृतीय स्थान**

(iii) **200 मीटर धावन प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग)-**

	मन्दाकनी मोहन्ती (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	तरूलता (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**द्वितीयस्थान**
	ज्योति शर्मा (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**तृतीय स्थान**

(iv) **400 मीटर धावन प्रतियोगिता (छात्र वर्ग)-**

	सुमन्त कुमार (शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	गुलाब सिंह (शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**तृतीय स्थान**
	पन्ना लाल (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**तृतीय स्थान**

(iv) **100x4 रीले (छात्रा वर्ग)**	शालिनी(शिक्षाशास्त्री स वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	वाणी (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	मन्दाकनी मोहन्ती(शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	ज्योति (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**

(v) **400 मीटर धावन प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग)-**

	पिंकी निशा (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	तरूलता (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**द्वितीय स्थान**

(vi) **1500 मीटर धावन प्रतियोगिता (छात्र वर्ग)-**

	रामतीर्थ सिंह (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	बलदेव (शिक्षाशास्त्री स वर्ग)	**द्वितीय स्थान**

	पन्ना लाल (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**तृतीय स्थान**
(vii) म्यूजिकल चेयर (छात्रा वर्ग)-		
	मन्दाकनी एवं तरूलता (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	रीतांजली (शिक्षाशास्त्री स वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
(vii) गोला फेक प्रतियोगिता (छात्र वर्ग)-		
	प्रेम चन्द (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	धर्मराज मलिक (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
(viii) गोला फेक प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग)-		
	अर्चना (शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	शालिनी (शिक्षाशास्त्री स वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
(x) चक्का फेंक प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग)-		
	अर्चना (शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
	मंदाकनी (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**तृतीय स्थान**
(xi) लम्बी कूद (छात्र वर्ग)	रामवीर शर्मा (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
(xii) लम्बी कूद (छात्रा वर्ग)	तरूलता (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**प्रथम स्थान**
	मंदाकनी (शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
	ज्योति शर्मा(शिक्षाशास्त्री ब वर्ग)	**तृतीय स्थान**
(xiii) योग (छात्र वर्ग)	प्रेमचन्द (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**तृतीय स्थान**
(xiv) योग (छात्रा वर्ग)	आरती (शिक्षाशास्त्री द वर्ग)	**द्वितीय स्थान**
(xv) बैडमिन्टन	पिंकी निशा (शिक्षाशास्त्री अ वर्ग)	**प्रथम स्थान**

९. छात्र कल्याण संकाय

शैक्षणिक सत्र 2014-15 में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ की छात्रकल्याण संकायाध्यक्षा प्रो. कमला भारद्वाज के प्रशस्त मार्ग निर्देशन में छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए बहुविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यापीठीय स्तर पर सद्भावना मार्च, अन्तर्राष्ट्रीय छात्र दिवस, सृजनात्मक लेखन, संस्कृत गान, वाद-विवाद, आशु भाषण आदि शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में छात्रों ने सोत्साह भाग लिया तथा अपनी बहुविध प्रतिभा का परिचय दिया। राष्ट्रिय स्तर पर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की शलाका प्रतियोगिताओं के लिये राज्यस्तरीय प्रतियोगियों के चयन का दायित्व भी छात्र कल्याण संकाय ने वहन किया। छात्रों को शास्त्र संरक्षण के साथ-साथ व्यावहारिकता का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु छात्र-संसद एवं सुशासन दिवस सदृश व्यावहारिक विषयों से सम्बद्ध आयोजन भी किये गये। समस्त सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में संस्कृत एवं अन्यान्य मातृभाषाओं के सम्बन्ध का माहात्म्य प्रतिपादित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा गायन, संस्कृत का मातृभाषा में अनुवाद, निबन्ध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

संकाय का विशिष्ट दायित्व है छात्रों की समस्याओं को सुनना, सामान्य विशिष्टाचार एवं व्यावहार को सुधारना तथा छात्रों के पारस्परिक संबन्धों में सांस्कारिक परिष्कार करना, इस दिशा में संकाय का सतत प्रयास रहा है कि छात्रों के शैक्षणिक व सांस्कृतिक शिक्षण के साथ-साथ शास्त्र व संस्कृति संरक्षण की प्रवृत्ति का भी विकास हो।

१०. शोध एवं प्रकाशन-विभाग

संस्कृत वाङ्मय की प्राचीन पाण्डुलिपियों के संरक्षण, सम्पादन, प्रकाशन, और अनुसन्धान हेतु शोध एवं प्रकाशन विभाग का गठन किया गया है । इस विभाग द्वारा त्रैमासिक शोध-पत्रिका का सम्पादनएवं प्रकाशन किया जाता है। विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित होने वाली शोधपत्रिका 'शोधप्रभा' में संस्कृत के उद्‌भट विद्वानों के साथ-साथ नये अनुसन्धानकर्त्ताओं के शोधपत्र प्रकाशित किये जाते हैं साथ ही इस विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर शोधगोष्ठियों, परिचर्चाओं, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शोध के सम्बन्ध में घोषित विनियम, 2009 के क्रियान्वयन हेतु इस विभाग द्वारा अनुसन्धान प्रविधि सम्बन्धी शिक्षण कार्य एवं शोधछात्रों के चयन का भी कार्य किया जाता है ।

शोध-प्रकाशन विभाग द्वारा वर्ष 2014-15 सत्र में जिन प्रमुख कार्यों का निष्पादन किया गया, उनका विवरण निम्नलिखित है-

(१) विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में शोधच्छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया

विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली एवं राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति की संयुक्त विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा दिनांक 19 जुलाई, 2014 को आयोजित की गई जिसमें उत्तीर्ण, विशिष्टाचार्य उत्तीर्ण तथा नेट, जे.आर. एफ. उत्तीर्ण छात्रों के मार्ग निर्देशन एवं विषय निर्वाचन हेतु सम्बद्ध विभागीय शोध समितियों द्वारा संस्तुत शोध संक्षिप्तिकाओं के समीक्षणार्थ शोध प्रकाशन विभागाध्यक्ष के संयोजकत्व में शोध-मण्डल का उपवेशन दिनांक 5,6,9 एवं 12 जनवरी, 2015 को किया गया। शोध मण्डल की बैठक माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

प्रत्येक शोधच्छात्र के साक्षात्कार में शोध मण्डल के सदस्यों के अतिरिक्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। शोध मण्डल द्वारा संस्तुत छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की गयी । सत्र 2014-15 में 88 छात्रों को प्रवेश हेतु संस्तुत किया गया, जिसमें से कुल 84 छात्रों ने विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया ।

(२) विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम का सञ्चालन-

विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम जनवरी-जून, 2015 का शुभारम्भ दिनांक 09.02.2015 को प्रो. नागेन्द्र झा जी की अध्यक्षता में, प्रो. इच्छाराम द्विवेदी जी के मुख्यातिथित्व में प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी के व्याख्यान से हुआ, जिसका संचालन शोधसहायक डॉ. ज्ञानधर पाठक ने किया। उक्त सत्रीय पाठ्यक्रम को दो वर्गों में विभक्त कर 'अ' वर्ग में दर्शन एवं आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय तथा 'ब' वर्ग में साहित्य संस्कृति एवं वेदवेदांग संकाय के छात्रों का निम्नलिखित विद्वानों ने विभिन्न विषयों का अध्यापन कार्य किया-

1	प्रो. प्रेमकुमार शर्मा	वैदिक शोधसर्वेक्षण
2	डॉ. रमेश प्रसाद पाठक	शिक्षाशास्त्रीय शोधसर्वेक्षण
3	प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय	शोधप्रविधि
4	प्रो. हरेराम त्रिपाठी	दर्शनशास्त्रीय शोधसर्वेक्षण
5	प्रो. सुदीप कुमार जैन	शिलालेख
6	प्रो. इच्छाराम द्विवेदी	साहित्यशास्त्रीय शोधसर्वेक्षण
7	डॉ. ज्ञानधर पाठक	पाण्डुलिपिविज्ञान
8	श्री जितेन्द्र कुमार	संगणकसम्प्रयोग

नियतकार्य एवं शोधसंगोष्ठी की कक्षा का संचालन शोध-प्रकाशन विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय एवं शोध सहायक डॉ. ज्ञानधर पाठक द्वारा किया गया ।

(३) विशिष्टाचार्य (एम.फिल्.) पाठ्यक्रम में शोधच्छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया एवं संचालन

इस वर्ष विद्यापीठ द्वारा विशिष्टाचार्य (एम. फिल्.) पाठ्यकम में प्रवेश हेतु दिनांक **१५.६. २०१४ एवं १४.७.२०१४** को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, उसमें से 52 छात्रों ने सफलता प्राप्त की तथा 33 छात्रों ने प्रवेश पाठ्यकम में प्रवेश लिया। विशिष्टाचार्य पाठ्यकम का शुभारम्भ विद्यापीठ के प्रभारी कुलपति प्रो. भास्कर मिश्र के सान्निध्य में शोध-प्रकाशन विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में शोधसहायक डॉ. ज्ञानधर पाठक के संयोजकत्व में अमेरिका के दक्षिण एशिया अध्ययन विभाग कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रो. अलेक्स वाट्सन के मुख्य वक्तृत्व में दिनांक 11.08.2014 को किया गया। उक्त सत्रीय पाठ्यकम में शोधप्रविधि एवं पाण्डुलिपिविज्ञान का अध्यापन प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने किया तथा पाण्डुलिपिविज्ञान की कक्षाएँ डॉ. ज्ञानधर पाठक ने ली ।

(४) शोध संगोष्ठियों का आयोजन

शोधच्छात्रों की सप्ताह में दो दिन शोध संगोष्ठी आयोजित की गई । यह संगोष्ठी विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम की समयसारिणी के अनुसार अध्यक्ष, शोध-प्रकाशन विभाग एवं शोध सहायक डॉ. ज्ञानधर पाठक द्वारा संयुक्त रूप से सञ्चालित की गई। इन शोधसंगोष्ठियों में शोधच्छात्रों ने अपने सम्बन्धित शोधविषय से पत्र प्रस्तुत किये, जिनपर उपस्थित शोधच्छात्रों ने परिचर्चा की।

(५) शोध प्रविधि प्रशिक्षण राष्ट्रीय कार्यशाला

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के शोध- प्रकाशन विभाग द्वारा ''शोध प्रविधि प्रशिक्षण राष्ट्रीय कार्यशाला'' का आयोजन दिनाङ्क 11/02/15 से 19/02/15 तक किया गया। कार्यशाला में निम्नलिखित 9 विद्वानों ने अधोलिखित विषयों पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण किया।

दिनांक	प्रशिक्षणकर्त्ता का नाम	विषय
11.02.2015	प्रो. गयाचरण त्रिपाठी	शोध में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि
12.02.2015	डॉ. विजय शंकर शुक्ल	पाण्डुलिपियों की उपलब्धता एवं

		उनका सूचीकरण
13.02.2015	प्रो. चाँद किरण सलूजा	शोधस्य सोपानानि
13.02.2015	डॉ. के. लक्ष्मीनरसिंहन्	अन्तर्जालस्य शोधे उपयोगविधय:
16.02.2015	डॉ. रवीन्द्र वशिष्ठ	लिपियों का उद्भव एवं विकास
17.02.2015	प्रो. उपेन्द्र राव चौधरी	समीक्षापद्धति:
18.02.2015	प्रो. मिथिलेश चतुर्वेदी	शोधसर्वेक्षणप्रविधि:
19.02.2015	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय	पाण्डुलिपिसम्पादपद्धति: पाठनिर्धारणप्रक्रिया च
19.02.2015	डॉ. रत्नमोहन झा	शोधप्रबन्धलेखनप्रविधि:

कार्यशाला का उद्घाटन शोध-प्रकाशन विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी अध्यक्षता में प्रो0 हरेराम त्रिपाठी जी के सारस्वतातिथित्व में एवं प्रो0 गयाचरण त्रिपाठी के मुख्यातिथित्व में सम्पन्न हुआ। समस्त कार्यशाला के व्याख्यान सारस्वत साधना सदन के कक्ष सं. 301 में सम्पन्न हुए।

उक्त कार्यशाला का संयोजन शोध-प्रकाशन विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने किया, जिसका संचालन डॉ. ज्ञानधर पाठक ने किया।

(६) शोधप्रभा पत्रिका का सम्पादन एवं प्रकाशन

शोधप्रभा परामर्शदात्री समिति एवं शोधप्रभा सम्पादक मण्डल के द्वारा प्रकाशनार्ह तथा समीक्षक विद्वानों द्वारा संस्तुत निर्दिष्ट निबन्धों एवं उनके सुझावों के अनुसार शोध एवं प्रकाशन विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी द्वारा पत्रिका का सम्पादन किया गया, जिसके सम्पादन में सहयोग सहसम्पादक विभाग के अनुसन्धान सहायक डॉ. ज्ञानधर पाठक ने किया।

(७) ग्रन्थ सम्पादन एवं प्रकाशन

संस्कृत भाषा एवं साहित्य के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण के निमित्त विद्यापीठ द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित ग्रन्थों का प्रकाशन किया गया-

1. जैमिनी न्यायमाला द्वितीयाध्याय
2. प्राकृतभाषा अभिलेख
3. अध्यापकशिक्षा का बदलता परिदृश्य
4. अध्यापकशिक्षा में उदीयमान प्रवृत्तियाँ
5. शोधप्रभा अक्टूवर, 2013
6. शोधप्रभा जनवरी, 2014
7. शोधप्रभा अप्रैल, 2014
8. शोधप्रभा जुलाई, 2014
9. विद्यापीठ पंचांग 2072
10. वास्तुशास्त्रविमर्श सप्तम पुष्प
11. भैषज्यज्योतिषमंजूषा भाग-3

(८) विक्रय

विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों, शोधप्रभा, पञ्चाङ्ग, भैषज्य ज्योतिष मंजूषा एवं वास्तुशास्त्रविमर्श के विक्रय के साथ साथ मन्त्रालय के पुनर्मुद्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुद्रित ग्रन्थ भी बेचे जाते हैं, तथा शोधप्रभा की वार्षिक सदस्यता भी सदस्यों से प्राप्त की जाती है। इस वर्ष मन्त्रालय प्रकाशन की कुल विक्रय राशि रू. **२१,४५५**/-तथा विद्यापीठ प्रकाशन, पंचांग एवं शोधप्रभा सदस्यता एवं विक्रय की कुल राशि रू. **१,३८,८३३**/- प्राप्त हुई।

(९) विशिष्ट व्याख्यान-

१) दिनांक 19.05.2014 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रो. सदाशिव द्विवेदी द्वारा पदकोश निर्माण पद्धति विषय पर विशिष्ट व्याख्यान दिया गया ।

२) दिनांक 09.07.2014 को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विश्वधर्म अध्ययन केन्द्र के मनोचिकित्सक डॉ. आर. परमेश्वरन् द्वारा चिकित्सा में आध्यात्मिकता की भूमिका विषय पर विशिष्ट व्याख्यान दिया गया ।

३) दिनांक 11.08.2014 को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के दक्षिणी एशिया अध्ययन विभाग के प्रो. अलेक्स वाटसन द्वारा अमेरिका में संस्कृत अध्ययन की दृष्टि विषय पर विशिष्ट व्याख्यान दिया गया ।

(१०) पाण्डुलिपि संग्रहालय

विद्यापीठ में पाण्डुलिपि संग्रहालय है, जिसमें विभिन्न विषयों से सम्बन्धित 1697 पाण्डुलिपियाँ हैं । ये पाण्डुलिपियाँ संस्कृत साहित्य के विभिन्न शाखाओं- वेद, उपनिषद्, पुराण, ज्योतिष, व्याकरण, वेदान्त, सांख्ययोग, न्याय, कर्मकाण्ड, धर्मशास्त्र, साहित्य, संगीत, एवं आयुर्वेद आदि से सम्बन्धित हैं। देवनागरी लिपि की पाण्डुलिपियों का सूचीसंग्रह 'विशदपाण्डुग्रन्थसूची भाग-1' प्रकाशित किया गया है ।

(११) वर्ष २०१४-१५ में विद्यावारिधि उपाधि हेतु प्रविष्ट छात्रों का विवरण :

वेद-वेदाग संकाय

क.सं.	प्रार्थी का नाम	शोध-निर्देशक का नाम	संकाय/विभाग	प्रवेश अर्हता	शोध विषय
01.	**विवेक कुमार**	डॉ. सुजाता त्रिपाठी	व्याकरण	जे.आर.एफ.	भार्गवराघवीयमहाकाव्यस्य शब्दशास्त्रीयमध्ययनम्
02.	**उपेन्द प्रसाद**	डॉ. रामसलाही द्विवेदी	व्याकरण	लिखित परीक्षा	श्रीमद्भागवतदशमस्कन्धीयसमस्तपदानां पाणिनिव्याकरणसन्दर्भे विवेचनात्मकमध्ययनम्
03.	**सन्दीप कुमार**	डॉ0 सुजाता त्रिपाठी	व्याकरण	नेट	काशिकावृत्तौ श्लोकाकारेण प्रस्तुतानामुदाहरणानां शब्दशास्त्रीयसमीक्षा
04.	**पंकज कुमार झा**	प्रो0 कमला भारद्वाज	व्याकरण	लिखित परीक्षा	महाभाष्ये निपातितशब्दानां समीक्षणम्
05.	**नरेश कुमार शर्मा**	डॉ0 रामसलाही द्विवेदी	व्याकरण	नेट	पुरुषोत्तमदेव-विरचितलघु परिभाषावृत्तेः नागेशकृत-परिभाषेन्दुशेखरेण सह तुलनात्मकमध्ययनम्
06.	**सूर्यमणि भण्डारी**	प्रो0 जयकान्त सिंह शर्मा	व्याकरण	लिखित परीक्षा	पाणिनीयस्वरप्रक्रियायाः प्रतिशाख्ययोक्तस्वरप्रक्रियया सह तुलनात्मकमध्ययनम्
07.	**मिथिलेश कुमार**	प्रो0 जयकान्त सिंह शर्मा	व्याकरण	लिखित परीक्षा	वाल्मीकीयरामायणस्य भूषणटीकायां समागतानां व्याकरणविषयकचिन्तनविशेषाणां युक्तायुक्तत्त्वसमीक्षणम्
08.	**रामनरेश चतुर्वेदी**	डॉ0 रामसलाही द्विवेदी	व्याकरण	लिखित परीक्षा	कर्मकारकसिद्धान्तेषु नागेशभट्टगदाधरभट्टयोः सिद्धान्तानां समीक्षणात्मकमध्ययनम्
9.	**राजू शर्मा**	डॉ0 दयाल सिंह	व्याकरण	लिखित परीक्षा	पाणिनिव्याकरणे प्रक्रियामूलकनानार्थकशब्दानां विश्लेषणात्मकमध्ययनम्
10.	**कृष्णा आर्या**	डॉ0 सुजाता त्रिपाठी	व्याकरण	नेट	वाल्मीकीयरामायणे समागतानामपाणिनीयाख्यातपदानां समीक्षणम्
11.	**दीपक शर्मा**	डॉ0 दयाल सिंह	व्यारण	एम. फिल.	मुद्राराक्षसनाटकस्य शब्दशास्त्रीयमध्ययनम्
12.	**मानसरञ्जनपति**	डॉ0 रामसलाही द्विवेदी	व्याकरण	लिखित परीक्षा	नागेशाभिमतबौद्धार्थस्य समीक्षा

13.	**भगत राम**	डॉ0 दयाल सिंह	व्याकरण	एम. फिल	अनुवृत्तिनिरपेक्षसूत्राणां महाभाष्यसन्दर्भे विश्लेषणात्मकमध्ययनम्
14.	**स्वस्ति नाथ झा**	डॉ0 दयाल सिंह	व्याकरण	जे.आर. एफ.	सिद्धहेमशब्दानुशासनस्य बृहद्वृत्त्यवचूर्णिटीकायां समाविष्टानां परिभाषाणां समीक्षात्मकमध्ययनम्
15.	**चन्द्रवर्धनधस्माना**	प्रो0 कमला भारद्वाज	व्याकरण	लिखित परीक्षा	महर्षिपाणिनीयव्याकरणदृष्ट्या श्रीरामदैवज्ञकृतमुहूर्त्तचिन्तामणौ समागतसमस्तपदानां शब्दशास्त्रीयमध्ययनम्
16.	**संतोष कुमार उपाध्याय**	प्रो0 कमला भारद्वाज	व्याकरण	लिखित परीक्षा	लघुशब्देन्दुशेखरे पञ्चसन्धिप्रकरणे प्रदत्तभाष्यप्रतीकानां विवरणात्मकमध्ययनम्
17.	**सुनील कुमार शर्मा**	डॉ0 रामसलाही द्विवेदी	व्याकरण		मध्यप्रदेशस्य बुन्देलखण्डान्तर्गतप्रचलितभाषायां पाणिनीयव्याकरणस्य प्रभाव:
